*

ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

26 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 306


झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना लक्ष्य : हेमंत




TATA MOTORS
Connecting Aspirations

GOVERNMENT OF JHARKHAND

Cummins






## ऐतिहासिक शुरुआत

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन** के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र स्थापित करने की ओर बढ़ा झारखण्ड

वर्ष 2024 से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन होगा शुरू

**खास बातें :**


- **₹ 350 करोड़** से अधिक का निवेश
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए देश की प्रतिबद्धता के साथ सजग खड़ा झारखण्ड
- स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और कार्बन के कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम
- कमर्शियल वाहन उद्योग के लिए उन्नत तकनीकी उत्पादों के निर्माण के खुले द्वार
- हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन, बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली, फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली और फ्यूल डिलीवरी प्रणाली जैसे उत्पाद होंगे निर्मित
- युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार तथा कौशल विकास का होगा सृजन


### कम-से-शून्य उत्सर्जन पावरट्रेन समाधान बनाए जाएंगे

**उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड** (टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपील) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) **के बीच हुआ एमओयू**

आज का दिन सिर्फ झारखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुझे खुशी है कि स्वच्छ ऊर्जा की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का यह ऐतिहासिक कदम झारखण्ड सरकार और टाटा मोटर्स तथा कमिंस ने उठाया है।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड






P.R. 305602 (Industries) 23-24

उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार




सर्राफा
| सोना (बिक्री) | 55,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# राजस्थान-मध्यप्रदेश जीतने के लिए भाजपा ने बनाया विशेष प्लान

## ■ कमजोर सीटों की सूची हुई तैयार, पार्टी के बागियों पर विशेष नजर

## ■ पीएम मोदी के हाथों में रहेगी पूरे चुनाव प्रचार अभियान की कमान

## ■ दूसरे राज्यों के विधायकों की मदद से हकीकत जानने की हो रही कोशिश

**आजाद सिपाही विशेष**

**हिंदी पट्टी के दो बड़े राज्यों, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अगले चार महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों राज्यों में चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने विशेष प्लान तैयार किया है। दोनों राज्यों की राजनीतिक स्थिति अलग है। मध्यप्रदेश में जहां भाजपा सत्ता में है, वहीं राजस्थान में वह विपक्ष में है। दोनों राज्यों में एक ही बात कॉमन है कि दोनों जगह भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला होने के आसार हैं, हालांकि आम आदमी पार्टी भी दोनों राज्यों में सक्रिय है। जहां तक दोनों राज्यों के लिए भाजपा के विशेष प्लान का सवाल है, तो इसके मुताबिक पार्टी ने सिर्फ स्थानीय यूनिट के भरोसे न रहकर सही जमीनी हकीकत समझने के लिए दूसरे राज्यों के पार्टी विधायकों की सेवाएं लेने की तैयारी की है। दोनों राज्यों की कमजोर सीटों की सूची तैयार कर ली गयी है और उन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्टी को पता है कि राजस्थान में गुटबाजी चरम पर है। राज्य की दो सौ में से 50 ऐसी सीटों की पहचान की गयी है, जहां भाजपा की स्थिति कमजोर है। इन सीटों पर अपनी पार्टी के संभावित बागियों के साथ दूसरी पार्टियों के बागियों पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि परिस्थिति के अनुसार उनका इस्तेमाल किया जा सके। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में भाजपा को एंटी इंकंबेंसी का भय सता रहा है। ऐसे में उसकी रणनीति प्रत्याशी चयन से लेकर चुनाव प्रचार तक में हर पहलू का ध्यान रखने की है। पार्टी के नेता पहले से ही राज्य में कैंप कर रहे हैं और इधर शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट में विस्तार की तैयारी भी चल रही है, ताकि पार्टी के भीतर के असंतुष्टों को खुश किया जा सके। क्या है इन दोनों चुनावी राज्यों में भाजपा का विशेष प्लान, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अगले चार महीने में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें से मध्य प्रदेश और राजस्थान बड़े राज्य हैं, जबकि छत्तीसगढ़ अपेक्षाकृत छोटा। इसलिए भाजपा ने मध्य प्रदेश और राजस्थान की अलग-अलग परिस्थितियों को देखते हुए दोनों राज्यों के लिए विशेष प्लान तैयार किया है। इसके तहत पार्टी ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में उन सीटों की एक सूची तैयार की है, जिन्हें वह 'कमजोर' मानती है। पार्टी का मानना है कि इन सीटों पर और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। पार्टी ऐसी सीटों पर मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारने पर विचार कर रही है।

### क्या है विशेष प्लान

इस विशेष प्लान के मुताबिक बेहतर प्लानिंग के लिए भाजपा ने मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीटों को भी कई श्रेणियों में बांटा है। अकेले राजस्थान में पार्टी ने लगभग 50 सीटों की पहचान की है, जिनमें से 19 पर पार्टी कभी नहीं जीती है और बाकी सीट को पार्टी अपनी कमजोरी मानती है। राज्य में विधानसभा की कुल दो सौ सीटें हैं। 2018 में इनमें से कांग्रेस ने 99 और भाजपा ने 73 सीटें जीती थीं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन सीटों पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने के अलावा पेशेवर सर्वेक्षण भी कराये हैं और ऐसी 50 सीटों की पहचान की गयी है, जिन पर बहुत अधिक प्रयास की आवश्यकता होगी। इन सीटों पर काम पहले ही शुरू हो चुका है और यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रणनीतियां अपनायी जा रही हैं कि पार्टी इस बार इन्हें जीतने में सक्षम हो। वैसे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इन 'कमजोर' सीटों पर गंभीरता से प्रयास शुरू कर दिये हैं। इन सीटों के लिए भाजपा का प्लान एक मौजूदा सांसद या कांग्रेस या क्षेत्रीय पार्टी के एक बागी उम्मीदवार या उस क्षेत्र से एक प्रमुख चेहरे को मैदान में उतारने का है, जिस पर जनता भरोसा करती है। इन कमजोर सीटों पर कांग्रेस का मुकाबला करने की अपनी रणनीति के तहत पार्टी ने उन मुद्दों को भी सूचीबद्ध किया है, जिन्हें प्रत्येक विशिष्ट सीट पर भाजपा को बढ़त दिलाने के लिए काम करने की जरूरत है। इन दोनों राज्यों में पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर देने के साथ-साथ ऑप्टिक्स के लिए मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारने पर विचार कर रही है।



### नये चेहरों को मिल सकता है मौका

इन दोनों राज्यों के लिए केंद्रीय नेतृत्व का विचार है कि नये चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए। इसके तहत जो लोग पांच बार से विधायक हैं, उन्हें युवा चेहरों के लिए रास्ता बनाने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि उन्हें अपने अनुभव का उपयोग करके पार्टी की मदद करने के लिए कहा गया है। उनसे यह भी कहा गया है कि उन्हें अन्य जिम्मेदारियां दी जायेंगी। पार्टी को इस बात का एहसास है कि इस एक्सरसाइज में बागियों की संख्या बढ़ सकती है। इसलिए वह पहले से ही ऐसा माहौल बना रही है, जिसमें नये चेहरों को मौका देने में अधिक दिक्कत नहीं हो।

### दूसरे राज्यों के विधायक देंगे फीडबैक

इन दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों को भाजपा कितनी अहमियत दे रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी ने पहले ही राज्य की प्रत्येक विधानसभा सीट का जिम्मा पार्टी की अन्य राज्य इकाइयों के विधायकों को सौंप दिया है। एक विधायक को एक सीट की जिम्मेदारी दी गयी है। विधायक एक विशेष सीट पर एक सप्ताह बितायेंगे और केंद्रीय नेतृत्व को फीडबैक देंगे। यह फीडबैक उन पेशेवर सर्वेक्षणों से अलग होगा, जो केंद्रीय नेतृत्व पहले ही आयोजित कर चुका है। यह रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व द्वारा टिकट वितरण तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जिन दूसरे राज्यों से विधायकों को मध्य प्रदेश और राजस्थान में तैनात किया जा रहा है, उनमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं। इन विधायकों से कहा गया है कि इसी महीने वे बताये गये विधानसभा क्षेत्रों में जायें, एक हफ्ते तक वहां प्रवास करें, उसका दौरा करें और यह पता लगायें कि क्या चीजें पार्टी के पक्ष में हैं और क्या इसके खिलाफ जा सकती हैं। केंद्रीय नेतृत्व की कोशिश है कि उसके पास जो जमीनी फीडबैक पहुंचे, वह पूरी तरह से निष्पक्ष हो। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि राजस्थान यूनिट से गुटबाजी की जानकारी आती रही है। इसलिए इन विधायकों से कहा गया है कि वे बिना भेदभाव के सही ग्राउंड रिपोर्ट सौंपें। इस तरह से इसमें स्थानीय नेताओं का किसी भी तरह से प्रभाव होने की संभावना नहीं रह जायेगी।

### चुनाव प्रचार की कमान पीएम मोदी के हाथों में

इन दोनों राज्यों में पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान हमेशा की तरह पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में होगी। पार्टी की तरफ से दोनों राज्यों में उनके कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा विधायकों की ओर से तैयार की गयी रिपोर्ट से प्राप्त फीडबैक का इस्तेमाल चुनावी मुहिम तैयार करने के समय किया जायेगा। पिछले महीने देशभर से जुटे पार्टी के विस्तारकों और बूथ समिति के नेताओं ने भी आने वाले चुनावों को ध्यान में रखकर पूरे प्रदेश का दौरा किया था। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग भी दी थी और अगले चुनावों के लिए उन्हें अभी से सक्रिय करने की भी कोशिश करके गये थे।

# चार युवकों ने किया दुष्कर्म, सभी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाजार घूमने आयी थी लड़की अपने साथ ले गये युवक**

**सरकारी क्वार्टर में दो दिनों तक किया रेप**

**सिमडेगा।** एक युवती के साथ चार युवकों ने मिलकर बारी-बारी से दो दिनों तक दुष्कर्म किया फिर लड़की को चौराहे पर छोड़कर फरार हो गये। पुलिस ने पीड़िता की निशानदेही पर देर रात चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला सिमडेगा जिले के जलडेगा थाना क्षेत्र का है। जलडेगा पुलिस ने बताया कि पीड़िता बानो थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया की रहने वाली है। जलडेगा थाना क्षेत्र के टंगिया में अपने किसी रिश्तेदार के यहां वह मेहमान आयी थी। सोममवार को बनजोगा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार घुमने गयी थी।

### सूरज अपने साथ ले गया

आरोपी सूरज नायक ने युवती को अपने ऑटो में बिठा लिया एवं उसे बहला फुसलाकर अपने साथ पतिअंबा बस्तीटोली ले गया। जहां आरोपी सूरज नायक ने अपने एक अन्य साथी विक्की नायक के साथ मिलकर गांव में एक खाली पड़े मकान में युवती के साथ दुष्कर्म किया। अहले सुबह सूरज और विक्की ने जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बतौर ड्रेसर के रूप में कार्यरत नीलकमल सिंह को लड़की के संबंध में जानकारी दी। लड़की को आवंटित मेडिकल आवास में रखा। लड़की को क्वार्टर में रखने के बाद तीनों दोस्तों ने सुमित लुगुन नामक अपने एक और साथी को इसकी जानकारी दी। जहां मंगलवार एवं बुधवार तक चारों आरोपियों ने बारी-बारी से युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

### पीड़िता ने आरोपियों की पहचान की

दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने युवती को गुरुवार की सुबह विलियम चौक के निकट छोड़कर भाग निकले। लड़की वापस जलडेगा थाना गेट के पास एक होटल में बैठी थी। इसी बीच आरोपी सुमित लुगुन अपने साथी की बाइक लेकर होटल से कुछ खरीदने आया था। जहां पर युवती ने आरोपी सुमित लुगुन को देखकर चिल्लाने लगी और कहने लगी ये लोग मेरे साथ दुष्कर्म किया है। सुमित लुगुन बाइक छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने अपनी हथेली में बाइक का नंबर लिखा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लड़की को अपने साथ थाना ले गये और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद लड़की ने एसआइ बीरेंद्र शर्मा और धीरज उरांव के सामने अपना बयान दर्ज करायी।

बयान लिखने के बाद पुलिस लड़की को अपने साथ लेकर घटनास्थल गयी और लड़की की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान नीलकमल सिंह 24 वर्ष पिता लालधर सिंह ग्राम लंबोई तिलईजारा, विक्की नायक 24 वर्ष पिता छोटका नायक, सूरज नायक 23 वर्ष पिता छोटेश्वर नायक ग्राम पतिअंबा और सुमित लुगून 25 वर्ष पिता जोसेफ लुगुन जलडेगा जामटोली के रूप में की गयी। देर रात अभियान चलाकर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# रामगढ़ में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मामला दर्ज

**बीरू कुमार**

**झामुमो जिलाध्यक्ष ने थाने में दिया आवेदन**

**भाजपा अध्यक्ष पर आदिवासी समाज, सीएम हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का लगाया आरोप**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू की लिखित शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर रामगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बाबूलाल मरांडी पर सोशल मीडिया पर आदिवासी समाज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को बदनाम करने का आरोप लगा है।

जानकारी के अनुसार झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने कहा है कि झारखंड निर्माण में हमारे समाज के कई नेताओं ने बलिदान दिया है। खासकर शिबू सोरेन एवं उनके परिवार द्वारा कठिन संघर्ष एवं त्याग के बाद झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। शिबू सोरेन को दिशोम गुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया। झारखंड राज्य के प्रत्येक नागरिक को अपने राज्य में मान और सम्मान के साथ रहने का पूर्ण अधिकार है। बाबूलाल मरांडी ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए हमारे समाज और राज्य के नेता पर घृणित एवं अपमानित शब्दों का प्रयोग अपने भाषण में किया है। उन्होंने बाबूलाल के 16 अगस्त को सोशल मीडिया पर आये बयान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान से मेरा नेता का मजाक उड़ाया जा रहा है।

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/13/2023-24*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–**DMFT** मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/DMFT/01/2023-24 | गोला | राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, गोला, रामगढ़ का रंगरोगन, चाहरदिवारी की मरम्मति एवं तार का घेराबन्दी तथा सोलर सिस्टम की मरम्मति कार्य। | 36,06,900.00 | 73,000.00 | 5,000.00 | 31.03.2024 तक। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 06.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 08.09..2023 अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़ के भुतल में प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.09.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 06553261524, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9 अग्रद्यन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र पंचवर्षीय अठवर्षीय निर्गत डाकघर सावधि जमा पत्र 03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक जमा सावधि (F.D) तीन वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का **B.G** जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.305531 Rural Development(23-24):D

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER,**
**Rural Works Department, Jharkhand, Ranchi**
**102, 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001**

REQUEST FOR PROPOSAL FOR
Selection of Consulting Agency to Design and Implement Dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand

Chief Engineer, Rural Works Department, Government of Jharkhand invites Technical and Financial Proposals for Selection of Consulting Agency to Design and Implement Dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand
The document can be downloaded from the website-https://jharkhandtensders.gov.infrom 28.08.2023.
Response to this RFP shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications. This section provides general information about the Issuer, important dates and addresses and the overall eligibility criteria for the parties. The RFP/tender document cost of INR 10,000/- is to be submitted vide crossed demand draft on any Nationalized Bank/ Scheduled Bank in favour of Executive Engineer, Rural Works Department, Rural Works Division, Ranchi payable at Ranchi.

| S No | RFP No. | 01/RFP Dash Board/RWD/2023-24 |
|---|---|---|
| 1 | Title of RFP | Selection of Consulting Agency to Design and Implement Dashboard for Construction Management and MIS of Rural Roads and Bridges Construction in Jharkhand |
| 2 | Document Fee | Rs.10000/- (Rs. Ten Thousand only) through Demand draft from any scheduled/nationalized bank in favour of- Executive Engineer, Rural Works Department, Works Division, Ranchi Payable at Ranchi. |
| 3 | Pre bid Meeting through (Hybrid Mode) | 08.09.2023 at 12.30 Hours |
| 4 | Start & End Date & Time for Downloading of RFP Document | 28.08.2023 to 14.09.2023 up to 17.00 Hours |
| 5 | Last date and time for online Submission of RFP | 14.09.2023 up to 17.00 Hours |
| 6 | Last date and time for Hard copy submission of document cost/fee & EMD | The hard copy of documents fee and EMD should be submitted to the office of Chief Engineer, Rural Works Department, 102 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi 834001 on or before 15.09.2023 , 15.30 Hours |
| 7 | Date of opening of the RFP | **18.09.2023, 12.30 Hours** |
| 8 | Mode of RFP Submission | The response to RFP along with all required document including scanned copy of document fee and EMD mentioned in the RFP should be uploaded on the website-https://jharkhandtenders.gov.in. The hard copy of documents cost/fee and EMD should be submitted to the office of Chief Engineer, Rural Works Department, 102 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi 834001. |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | Earnest money (refundable) in the form of Bank guarantee/Demand Draft issued by any scheduled/nationalized/commercial bank amounting Rs. 10.00 Lakhs (Rupees Ten Lakhs only) which should be duly pledged in favour of Executive Engineer, Rural Works Department, Works Division, Ranchi. Cheque/ fixed deposit receipts / NSC etc. are not acceptable towards deposit of earnest money. |
| 10 | Method of Selection | Lowest Cost Method |
| 11 | Period of Engagement | 15 Months |
| 12 | Name and Address of the tender inviting authority | Chief Engineer, Rural Works Department. Government of Jharkhand, 102, 2nd Floor, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Road, Ranchi 834001 |
| 13 | E-Mail id | chiefengineer.rwd@gmail.com |

Nodal Officer, Office of the Chief Engineer,
Rural Works Department, Ranchi.

PR 305552 Rural Work Department(23-24)D

www.epaper.azadsipahi.in

26 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 306

मोदी को ग्रीस का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान मिला






## मुख्यमंत्री की अगुवाई में हाइड्रोजन इंजन निर्माण के लिए हुआ एमओयू

# झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना लक्ष्य: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार क्लाइमेट चेंज को लेकर कर रही सकारात्मक कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम तथा झारखंड सरकार के बीच समझौता (एमओयू) होना निश्चित रूप से झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। ईश्वर ने इस राज्य को विभिन्न प्रकार की खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है। यही कारण है कि झारखंड में कई छोटे-बड़े उद्योग के साथ-साथ बड़े-बड़े तकनीकी उद्योग भी स्थापित हुए हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज से दो दिन पहले देशभर में चंद्रयान मिशन को लेकर काफी चर्चाएं हो रही थीं, अंततोगत्वा भारत ने इसको सफलतापूर्वक पूरा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने यह फिर साबित कर दिखाया कि भारत किसी से कम नहीं है। इस पूरे चंद्रयान अभियान में झारखंड के बोकारो जिला निवासी एक आदिवासी युवा शिवशंकर बेसरा का भी सराहनीय योगदान रहा है। शिवशंकर बेसरा इसरो की टीम में वैज्ञानिक के रूप में शामिल हैं। सीएम ने कहा कि झारखंड के नौजवानों में हुनर की कोई कमी नहीं है, बशर्ते यह आवश्यक है कि हम नीति निर्धारण करने वाले लोग तथा यहां कार्यरत औद्योगिक संस्थाएं इस बात को समझें कि हमें इस राज्य के लिए क्या करना है। यहां के युवाओं को किस दिशा में आगे बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लि. (टाटा मोटर्स लि. और टाटा कमिंस लि. का संयुक्त उपक्रम) और झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के बीच हाइड्रोजन इंजन निर्माण से संबंधित नयी परियोजना के लिए एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वैसे तो झारखंड कहने के लिए देश के पिछड़े राज्यों में शामिल है, परंतु इसका कारण और मुकम्मल हल नहीं ढूंढ़ पाया हूं, लेकिन निरंतर प्रयासरत हूं।

**झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए चर्चा का विषय :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड की युवा पीढ़ी की सोच के अनुरूप, यहां की जन भावनाओं के अनुरूप विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्य को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आज हम सभी लोग इस सभागार में जिस कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं, यह सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार झारखंड की धरती पर हाइड्रोजन इंजन निर्माण के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम के साथ समझौता कर रही है। हाइड्रोजन इंजन परियोजना के शुरुआती दौर में हाइड्रोजन इंजन का इस्तेमाल सिर्फ हेवी व्हीकल में किया जायेगा, परंतु धीरे-धीरे इसके दायरे बढ़ेंगे। छोटे वाहनों में भी हाइड्रोजन इंजन इस्तेमाल करने की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि ऐसे ही प्रयासों से झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी से निकलकर देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

**मौके पर थे मौजूद :** इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह और भारत में कमिंस ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी अजय पाटिल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ तथा कमिंस इंडिया में इंजन व्यवसाय के उपाध्यक्ष नितिन जिराफे के अलावा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने की जरूरत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश का 30 प्रतिशत हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है। छोटे-छोटे झार-वनों को मिला दें, तो यह बढ़ कर 50 प्रतिशत हो जाता है। वर्तमान समय में देश और दुनिया के लिए जलवायु परिवर्तन तेजी से चुनौती बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट चेंज को लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर बड़ी-बड़ी गोष्ठियां, सेमिनार आयोजित कर चर्चाएं हो रही हैं। जलवायु परिवर्तन को लेकर हमारी सरकार एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए जन सहभागिता के साथ कई क्षेत्रों में सकारात्मक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जैसे शहर की जलवायु के विषय में हम लोग अक्सर सुनते आ रहे हैं। प्रकृति के साथ चुनौती मानव जीवन के लिए भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन का घातक असर दिख रहा है, इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं बेमौसम बरसात, तो कहीं सुखाड़, कहीं बाढ़, विचित्र स्थिति बनी पड़ी है। प्रकृति के साथ ज्यादा छेड़छाड़ करने का परिणाम भी हम सभी लोग देख रहे हैं। प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के पथ पर आगे बढ़ने की जरूरत है। राज्य में हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कांटेस्ट 2022

# इस्ट जोन के शहरों में रांची नंबर वन

- 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची नंबर वन
- केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कांटेस्ट 2022 का परिणाम घोषित कर दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी इस अवार्ड कांटेस्ट में फिर से एक बार झारखंड की राजधानी रांची ने अपना परचम लहराया है। पूर्वी क्षेत्र के 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची को नंबर वन अवार्ड से नवाजा गया है। बहुत जल्द राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक बड़े कार्यक्रम में अवार्ड वितरण किया जायेगा। जिसमें रांची स्मार्ट सिटी को भी सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अवार्ड की घोषणा की है।

**प्रतिवर्ष होता है कांटेस्ट का आयोजन :** गौरतलब है कि भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से देश के 100 चुने हुए शहरों में स्मार्ट सिटी की योजना चल रही है। इन योजनाओं की प्रगति और शहरों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्य को आधार बनाकर प्रतिवर्ष भारत सरकार की ओर से इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कांटेस्ट का आयोजन किया जाता है। इस कांटेस्ट में कई बार रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया है।

**विभिन्न कैटेगरी में भेजा गया था नामांकन :** इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में देश के सभी स्मार्ट सिटी ने विभिन्न कैटेगरी में नामांकन भेजा था। जिसमें रांची की ओर से भी इनोवेशन, इकोनामी, सोशल एस्पेक्ट, अर्बन मोबिलिटी, सिटी सिक्योरिटी इत्यादि क्षेत्र में नामांकन भेजा गया था। इन सभी प्रस्ताव और स्मार्ट सिटी की योजनाओं की प्रगति में पूर्वी क्षेत्र के बेस्ट परफॉर्मर के रूप में रांची को चुना गया है।

### नगर विकास और आवास विभाग के सचिव ने दी बधाई

राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे ने नगर विकास विभाग, स्मार्ट सिटी कॉपोरेशन और स्मार्ट सिटी के विकास में जुड़े विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी एवं कर्मियों को बधाई दिया है। इसके साथ ही रांची की जनता को भी सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। इसी कुशल नेतृत्व की वजह से हमारा प्रदेश और स्मार्ट सिटी रांची, स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं में अग्रणी पंक्ति में है।

### रांची स्मार्ट सिटी के सीइओ ने दी बधाई

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीइओ अमित कुमार ने इस अवार्ड के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है। साथ ही राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि रांची स्मार्ट सिटी आने वाले वर्षों में और भी कई अवार्ड का हकदार बनेगा। उन्होंने रांची स्मार्ट सिटी के विकास और प्रगति के लिए पूरी टीम को बधाई दी है।

## न्यूज रील्स

### चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी: राहुल गांधी

लद्दाख। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख दौरे के आखिरी दिन कारगिल में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने भारत-चीन बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध को लेकर कहा कि चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी है। मगर प्रधानमंत्री ने इस पर झूठ बोला। वह कह रहे हैं एक इंच जमीन नहीं गयी। यह सरासर झूठ है। राहुल के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता सह सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आखिर राहुल को ये सब जानकारी कौन देता है।

### अजित हमारे नेता, एनसीपी में टूट नहीं : शरद

मुंबई। एनसीपी चीफ शरद पवार ने शुक्रवार को बारामती में कहा है कि अजित पवार उनकी पार्टी के नेता हैं। एनसीपी में कोई टूट नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कोई पार्टी तब टूटती है, जब पार्टी का एक बड़ा ग्रुप राष्ट्रीय स्तर पर अलग होता है। एनसीपी में ऐसा कुछ नहीं हुआ। अजित हमारी पार्टी के नेता हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है।

### इडी ने सिसोदिया के नये बैंक अकाउंट की डिटेल मांगी

नयी दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नया बैंक खाता खोलने से जुड़े डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने की मंजूरी दे दी। इसके बाद सिसोदिया नया बैंक अकाउंट खोल सकेंगे। सुनवाई स्पेशल जज एमके नागपाल ने की। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी ने सिसोदिया का पिछला बैंक खाता अटैच कर लिया था।

### मणिशंकर अय्यर बोले, नरसिंह राव सांप्रदायिक थे

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को सांप्रदायिक बताया है। अय्यर ने कहा कि जब बाबरी मस्जिद गिरायी जा रही थी, उस दौरान नरसिम्हा राव पूजा कर रहे थे। वे भारत को हिंदू राष्ट्र बताते थे। भाजपा के पहले प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपयी नहीं बल्कि पीवी नरसिम्हा राव थे।

### राज्यपाल ने पंजाब में राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा कि राजभवन द्वारा मांगी गयीं जानकारियां सरकार की ओर से नहीं दी जा रही हैं। ये संवैधानिक कर्तव्य का अपमान है। मुख्यमंत्री के इस आचरण पर उनके पास कानून और संविधान अनुसार कार्रवाई करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता।

## झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस में लगाया आरोप

# संथाल परगना बिल्डर्स के माध्यम से बाबूलाल ने खरीदी सैकड़ों एकड़ जमीन

- मरांडी का काला धन इसी कंपनी में निवेश होता है
- जल्द ही बाबूलाल मरांडी के कारनामों को इडी को सौंपा जायेगा, कार्रवाई नहीं हुई तो छत्तीसगढ़ की तरह होगा एजेंसी का विरोध
- एक-एक कर अब बाबूलाल और भाजपा नेताओं के काले कारनामों को सबूतों के साथ उजागर किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना बिल्डर्स नामक कंपनी के माध्यम से सैकड़ों एकड़ जमीन अवैध तरीके से खरीदी है। शुक्रवार को यहां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस कंपनी में बाबूलाल मरांडी के काले धन को खपाया जाता है। झामुमो ने संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कागजात दिखाते हुए कहा कि इस कंपनी में तीन निदेशक हैं, जिनमें एक बाबूलाल मरांडी के छोटे भाई रामिया मरांडी हैं। दूसरी निदेशक सुनील तिवारी की पत्नी नीलिमा तिवारी हैं और तीसरे निदेशक मिहिजाम के योगेंद्र तिवारी हैं, जो बड़े जमीन दलाल हैं। कंपनी और जमीन दलाल के जरिये संथाल परगना में सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदी गयी है। इतना ही नहीं, इस कंपनी में बाबूलाल मरांडी के काले धन को खपाया जाता है। ये सब बातें जब भाजपा को पता चल गयीं और बाबूलाल मरांडी को हड़काया गया, तो उन्होंने भाजपा में जाना ही उचित समझा। मतलब साफ है कि हर गलत काम करने वालों की सबसे सुरक्षित जगह भाजपा बन गयी है।

**जेल जाने से बचने के लिए भाजपा में शामिल हुए मरांडी :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, मरांडी कहते हैं कि वह कुतुब मीनार से कूद गये थे, भाजपा ने उन्हें बचा लिया। मगर सच यह है कि बाबूलाल जेल जाने से बचने के लिए भाजपा में शामिल हुए। अब मरांडी भाजपा में अपनी छवि को साफ-सुथरा करने के लिए हर दिन अनाप-शनाप बोल रहे हैं। अगर इडी सचमुच में जमीन घोटाले की जांच कर रही है या निष्पक्ष जांच करना चाहती है, तो अपना दायरा बढ़ाये और केंद्र सरकार का टूल बनने से बचे। नहीं तो छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी इडी का विरोध होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में और कागजात और सबूतों को सिलसिलेवार ढंग से प्रस्तुत करते हुए सामने लाया जायेगा।


**समन देना छवि खराब करने की सोची-समझी रणनीति :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, जैसे ही कोरोना खत्म हुआ, सरकार अपने काम पर लग गयी। जब सरकार ने जनता का काम करना शुरू किया और इसका फायदा लोगों को मिलने लगा, तो एक विकासशील सरकार की छवि खराब करने और सरकार को अस्थिर करने का काम शुरू कर दिया गया। जब सरकार गिराने में भाजपा सफल नहीं हुई, तो केंद्रीय जांच एजेंसियों को सरकार की छवि खराब कराने में लगा दिया। अगर मुख्यमंत्री से कुछ पूछना है, तो बहुत सारे माध्यम हैं। जानकारी ली जा सकती थी। मगर सीएम को समन करने का सीधा मतलब है कि सरकार की छवि को देश और मीडिया के समक्ष खराब करना। यह अब राज्य और देश की जनता समझ रही है। केंद्र सरकार विपक्षी एकता से घबरा गयी है। इसलिए छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल के यहां भी इडी का रेड पड़ा, क्योंकि वहां जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। मगर वहां पर इडी को जन विरोध का सामना करना पड़ा है।

**वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव की छवि खराब करने की कोशिश :** सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि करीब आधे दिन तक मीडिया में यह खबर चलती रही कि वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के यहां इडी का छापा पड़ा। अचरज की बात है कि अगर उनके बेटे का कोई संबंध था और उससे पूछना था, तो कई और तरीके हो सकते थे। मगर सीधे मंत्री के यहां बिना समन और नोटिस के पहुंच जाना सीधे तौर पर उनकी छवि को खराब करने जैसा था। पूरा देश और राज्य जानता है कि वह पुलिस सेवा के आला अफसर रहे हैं, मैनुअल और नियम वह अच्छी तरह जानते हैं। संविधान समिति के अध्यक्ष रहे, पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे हैं। मगर ऐसे साफ छवि वाले नेता-मंत्री को बदनाम करने का प्रयास भाजपा ने इडी के माध्यम से किया।



### सरकार जांच करा कर सार्वजनिक करे: बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है - झामुमो ने आरोप लगाया है कि नवंबर 2005 में एक कंपनी संथाल परगना बिल्डर्स प्राईवेट लिमटेड बनी, जिसमें दो डायरेक्टर हमसे जुड़े हुए हैं, वो कंपनी आज भी मौजूद है और जमीन और शराब का कारोबार करती है। मैं झामुमो से पूछना चाहता हूं कि उनके द्वारा बताये गये मेरे से जुड़े जिन लोगों का नाम लिया गया है, वो एक भी कागज दिखा दें कि आज के दिन वे दोनों किसी भी तरह से उस कंपनी से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी अनुरोध करता हूं कि वे ये भी बतायें कि उस कंपनी में कौन-कौन डायरेक्टर हैं। किस-किस व्यक्ति का शेयर लगा हुआ है। सरकार चाहे तो खुद भी जांच करा ले। सार्वजनिक रूप से बताये कि उस कंपनी में कौन-कौन जुड़े हुए हैं? झारखंड की जनता को आज के दिन सब कुछ आईने की तरह साफ दिख जायेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की मांगों को पूरा करें: धर्मेंद्र तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की मांगों को अविलंब मान लेना चाहिए। शुक्रवार को एक बयान जारी कर श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व की सरकार इन्हें 14 विभागों का काम देती थी। इन्हें प्रोत्साहन राशि भी दी जाती थी। इन्हें शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड संबंधित कार्यों के लिए सर्वे का कार्य दिया जाता था और ये उन कार्यों को खुशी-खुशी कर रहे थे। हालांकि, जो मानदेय था वह बेहद कम था। उन्होंने आशंका जतायी कि सरकार संभवतः राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के नाम से यह समझती हो कि ये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य तो नहीं। यह सिर्फ एक भ्रांति है। सरकार चाहे तो उस नाम को बदलने का आग्रह कर सकती है लेकिन इनकी मांगों को मानने का जज्बा सरकार को दिखाना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि अभी ये सर्वे करने वाले काम के अभाव में भुखमरी की दहलीज पर पहुंच चुके हैं। ये बेरोजगार हैं। सरकार को न सिर्फ इन्हें प्रोत्साहन राशि देना चाहिए बल्कि इन्हें सर्वे के कार्यों में लगाना चाहिए इनकी संख्या झारखंड में 18000 है सरकार अन्य राज्यों की तरह यूपी बिहार छत्तीसगढ़ पंचायत सहायक या पंचायत मित्र का नाम दें और इन्हें स्थाई करें वेतन मानदेय ताकि यह नीचे से रिपोर्ट सर्वे करके ऊपर तक भेज सके। सरकार जनता का कार्य कर सके।

## बिहार क्लब में 27 को होगी दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति से संबंधित सभी पूजा समितियों की बैठक 27 अगस्त को बिहार क्लब में होगी। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने शुक्रवार को बताया कि सभी समितियों से अपील की गयी है कि वह स-समय बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन की चर्चा में भाग लें।**

# खनन के बाद माइंस के रख-रखाव की जरूरत : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि देश के विकास के लिए औद्योगिक विकास का होना नितांत आवश्यक है लेकिन हमें यह देखना होगा कि इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खनन किये जाने के पश्चात सुनियोजित तरीके से माइंस के रख-रखाव एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

राज्यपाल शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित द्वितीय झारखंड माइनिंग में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज की दृष्टिकोण से अहम स्थान रखता है और देश के औद्योगिक विकास के क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन यहां के लोगों के जीवनस्तर में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है।



राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग का स्वरूप अब लगातार बदल रहा है। पारंपरिक तरीके से की जाने वाली माइनिंग के स्थान पर अब अग्रणी तकनीक से माइनिंग करना प्रारंभ हो गया है। इस अग्रणी तकनीक में ऑटोमेशन, रोबोट, डाटा एनालिटिक्स इत्यादि का उपयोग होने से माइनिंग की क्षमता, वहां कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा पहले की अपेक्षा बेहतर तरीके से करना शुरू कर दिया गया है। इसके साथ माइनिंग के अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग में काम करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य की रक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। माइनिंग क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है, तभी हम सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए इस समिट में गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।

# दो आइएएस की पोस्टिंग, एक का ट्रांसफर, भोर सिंह का तबादला रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने चार आइएएस अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इससे संबंधित आदेश शुक्रवार को कार्मिक विभाग ने जारी कर दिया। आदेश के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे के श्रीनिवासन को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का निदेशक बनाया गया है। वहां निदेशक रहे मुकेश कुमार को निदेशक (अंकेक्षण निदेशालय, वित्त विभाग) बनाया गया है। इसके साथ वह निदेशक (पेंशन एवं लेखा निदेशालय, वित्त विभाग) के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे शशि रंजन को प्रबंध निदेशक, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) बनाया गया है। वह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड) के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। हाल ही में वाणिज्य कर आयुक्त बनाये गये भोर सिंह यादव का पदस्थापन रद्द कर दिया गया है। उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

# डुमरी उप चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह और चंदनक्यारी सीओ का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के निर्देश पर तीन वर्ष से अधिक समय से जमे झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का तबादला किया गया है। डुमरी उप चुनाव के मद्देनजर हुई इस कार्रवाई में बोकारो के चंदनक्यारी में अंचल अधिकारी के रूप में पदस्थापित रामा रविदास को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी राजनगर, सरायकेला-खरसावां जिला व अंचल अधिकारी, गिरिडीह रविभूषण को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी, चाकुलिया, पूर्वी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## रवि शंकर पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से सेवानिवृत अधिकारी रवि शंकर पर पेंशन नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई होगी। उनके ऊपर संयुक्त सचिव जलसंसाधन विभाग सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार के पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे। गुमला जिला अंतर्गत कतरी जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित निविदा निस्तारण, कार्य आवंटन में अनियमितता बरतने संबंधी आरोप है। पूरे मामले पर जलसंसाधन विभाग ने 10 जून, 2019 को प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी।**

# कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कार्यकारी अध्यक्षों के दो साल का कार्यकाल पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो एवं शहजादा अनवर के दो वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्षों, संगठन के पदाधिकारियों, रांची महानगर, जिला ग्रामीण के अध्यक्षों एवं उनके पदाधिकारियों के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर उनका अभिवादन किया गया और उन्हें शुभकामनाएं भी दी गयीं। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का कार्यकाल अबतक के अध्यक्षों में सफल कार्यकाल के रूप में सदैव याद रखा जायेगा।

## कार्यकर्ताओं में था उत्साह

इस मौके पर दो साल बेमिसाल- कार्यकर्ताओं को दिलाया सम्मान लिखा केक काटा गया। इस दौरान कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा सभागार कांग्रेस



जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, अविनाश पांडे जिंदाबाद, राजेश ठाकुर जिंदाबाद, आलमगीर आलम जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान था।

## सफल कार्यकाल के रूप में हमेशा किया जायेगा याद

अभिवादन समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का कार्यकाल अबतक के अध्यक्षों में सफल कार्यकाल के रूप में सदैव याद रखा जायेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में राजेश ठाकुर के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। जिला प्रखंड मंडल एवं पंचायत कमेटी का भी गठन हुआ। पहली बार प्रदेश, प्रमंडल, जिला एवं प्रखंड के कार्यकर्ताओं से संवाद किया गया।

## अभिवादन समारोह में ये थे मौजूद

अभिवादन समारोह में कृषि विपणन पर्षद के चेयरमैन रवींद्र सिंह, गौ सेवा आयोग चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, मदन मोहन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, उज्ज्वल तिवारी, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गजेंद्र सिंह, अजहर पप्पू, केदार पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

# दो साल में प्रदेश अध्यक्ष की व्यक्तिगत हैसियत में बेमिसाल बढ़ोत्तरी हुई है: आलोक कुमार दुबे

**मुख्यमंत्री से आग्रह-डुमरी चुनाव से दूर रखें कांग्रेस अध्यक्ष को वरना मनहूसियत का सामना होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष 10 लोगों से दो साल बेमिसाल के नारे लगवा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष को सोते समय अपने कार्यकाल का आकलन करना चाहिए तब उन्हें समझ आयेगा कि पार्टी के लिए पिछला दो साल संघर्षपूर्ण, दोषपूर्ण, असंतोष का भाव, यहां तक कि पार्टी का जनाधार भी कमजोर हुआ है। उक्त बातें शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस से निष्कासित आलोक दुबे ने प्रेस कांफ्रेंस कर कही। इस अवसर पर लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता भी मौजूद थे। श्री दुबे ने कहा कि दो साल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की व्यक्तिगत हैसियत में एवं पारिवारिक सदस्यों की हैसियत में बेमिसाल बढ़ोत्तरी हुई है। आलोक दुबे ने कहा कि संगठन की कार्य



शैली पर पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में भी चर्चा हुई थी और हमारे नेता राहुल गांधी जी ने भी संगठन के कार्यों को लेकर टिप्पणी की थी। प्रदेश अध्यक्ष जिस सरकार से तनख्वाह लेते हैं,गाड़ी लिए हैं,गाड़ी में तेल लेते हैं,सुरक्षा एस्कॉर्ट लेते हैं,सरकारी आवास का भी लाभ ले रहे हैं ऐसे में अगर कानून व्यवस्था खराब है तो प्रदेश अध्यक्ष की हैसियत नहीं है कि वे सरकार से आंख मिलाकर बात कर सकते हों। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी की हार यह साबित करने के लिए काफी है कि पार्टी ने अपना जनाधार खो दिया है। अगर प्रदेश अध्यक्ष डुमरी उपचुनाव में प्रचार करने गये तो वहां भी स्थिति खराब हो सकती है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेश अध्यक्ष को डुमरी उपचुनाव से दूर रखें वरना हार का सामना करना पड़ेगा। अपने ही मंत्रियों को समय समय पर हटाने की धमकी देते हैं। देश में यह पहले प्रदेश अध्यक्ष होंगे जो अपने ही विधायकों को जेल भेजने का काम किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि पूरे राज्य में कहीं भी प्रदेश अध्यक्ष के 2 साल कार्यकाल को लेकर उत्साह देखने को नहीं मिला। पार्टी के लिए बोझ हैं प्रदेश अध्यक्ष जो लगातार घूम घूम कर कहते फिर रहे हैं कि मैं रहूं या ना रहूं,1100 वोट लाकर एवं दूसरे पार्टी से आकर मैं प्रदेश अध्यक्ष बन गया, मंत्री का दर्जा मिल गया और अब क्या चाहिए। डॉ गुप्ता ने कहा कांग्रेस जनों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली कूच करेगा।

# संजय सेठ के जन्मदिन पर राष्ट्रपति, पीएम, गृहमंत्री सहित देशभर से मिली शुभकामनाएं

**सांसद ने सबके प्रति जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को सांसद संजय सेठ के जन्मदिन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अर्जुन मुंडा, निशीथ प्रमाणिक, नारायण राणे, विजय चौधरी, राव साहेब दानवे, पशुपतिनाथ पारस, राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सुनील देवधर व आशा



लकड़ा, झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी। इसके अलावा देशभर से कई सांसदों, विधायकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को टेलीफोन, मैसेज व अन्य माध्यमों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता व रांची के नागरिकों ने भी सांसद के केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी। सांसद श्री सेठ ने अपने जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने वाले लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

# आदिवासियों की स्थायी आजीविका का प्रयास ही उनके आर्थिक विकास का सूचक : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और प्रसार भारती, ऑल इंडिया रेडियो, रांची के संयुक्त तत्वावधान में 77 वें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष्य में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। इस श्रृंखला की दूसरी कड़ी के अंतर्गत आज, आदिवासी आर्थिकी और सतत विकास विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान आदिवासियों के विकास से संबंधित आर्थिक विकास का संपूर्ण ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि संविधान के पंचशील अनुच्छेद 275 को साकार करने में अनुसूचित क्षेत्रों में रहनेवाली आदिवासी आबादी के सामाजिक और आर्थिक कल्याण के कार्यक्रमों के लिए एक विशेष वित्तीय अनुदान प्रदान किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने आदिवासियों




के सतत आर्थिक विकास की चर्चा करते हुए कहा कि नौवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान देश में विशेष तौर पर जनजातीय विकास कार्य के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की गयी थी। स्थापना के बाद से जनजातीय कार्य मंत्रालय आदिवासियों के स्थाई आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए कई योजनाओं को लागू कर रहा है जो आदिवासियों के सतत आर्थिक विकास की प्रक्रिया के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। इससे पूर्व आकाशवाणी, रांची प्रमुख मैरी क्लाउडिया सोरेंग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आकाशवाणी, रांची, भारत को जी 20 देशों के सम्मेलन की अध्यक्षता के गौरव के तौर पर मना रहा हैं। संगोष्ठी में अर्थशास्त्री और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रहे डॉ रमेश शरण ने पारंपरिक और गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों सहित ब्रेटलैंड आयोग एवं विश्व के देशों द्वारा किये सतत विकास के प्रयासों पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ता में जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के अमन एरोन तिग्गा ने वर्तमान में आदिवासियों की संस्कृति द्वारा सतत विकास के साथ आर्थिक विकास के मुद्दे पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन आकाशवाणी के अधिकारी पंकज मित्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ रेखा झा, डॉ रजनी कुमारी, कन्हैया कुमार सहित आकाशवाणी, रांची के विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पदाधिकारियों के अलावा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# टेंडर हार्ट में संस्कृत दिवस का भव्य आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर हार्ट विद्यालय में 25 अगस्त को संस्कृत दिवसका आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। टेंडर हाट में अगस्त माह के तृतीय सप्ताह को संस्कृत सप्ताह के रूप में मनाया जार हाथा एवं शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ इसका समापन हुआ। संस्कृत सप्ताह के दौरान छात्रों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं जैसे भाषण, निबंधले खन, कविता पाठ आदि का भी आयोजन किया गया था। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मयामिशन के स्वामी परिपूर्णानंद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने शिव स्तुति, शिव तांडव, रामायण एवं महाभारत का मंचन कर अपनी कला का लोहा मनवाया वहीं कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने अनेक संस्कृत गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि स्वामी परिपूर्णानंद ने समाज में दिन प्रति दिन हो रही नैतिकता केस पर प्रकाश डाला एवं सभी विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। टेंडर हार्ट के निदेशक सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने सभी को संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि संस्कृत महज एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति एवं अमूल्य धरोहर है इसलिए हम सभी को संस्कृत भाषा का उपयोग अपने व्यक्तित्व विकास में करना चाहिए।

# झारखंड तैलिक साहू सभा की प्रदेश कमेटी का विस्तार

**15 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की**

**तेली घानी बोर्ड गठन की मांग उठी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने प्रदेश कमेटी के विस्तार के साथ- साथ 15 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की। शुक्रवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित बैठक के बाद नयी कमेटी की सूची जारी की गयी। वहीं 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने करने के लिए आंदोलन तेज करने पर सहमति बनी।

तेली समाज के अग्रणी व्यवसायियों की लगातार हत्या पर आक्रोश जताया। इस अवसर पर मदन साहू ने कहा कि डुमरी चुनाव बाद सभी प्रमंडल में प्रमंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसके बाद झारखंड के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में तेली हित की बात करने वाले राजनीतिक दल को समर्थन देने पर मुहर लगेगी। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू ने झारखंड के चालीस लाख तेली समाज की आबादी को सत्ता में राजनैतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। रांची जिलाध्यक्ष कुमार रौशन ने तेली समाज के विकास के लिए सरकार जल्द से जल्द तेली घानी बोर्ड गठन करें। इस मौके पर संगठन के संरक्षक विजय साहू, दीपक कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, रांची जिलाध्यक्ष कुमार रौशन साहू, युवा प्रदेश महासचिव राजकिशोर साहू, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष साहू, प्रदेश सचिव संतोष नायक, कोषाध्यक्ष ललित नारायण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## जितना केस करवाना है हेमंत सोरेन, करवा लें

# जेल से भी लूट, झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे:बाबूलाल

■ कहा, पहली सरकार में बस का मालिक बनाया था, इस बार भाजपा की सरकार बनायें, खान, खादान के मालिक स्थानीय बनेंगे




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/शिकारीपाड़ा।** संकल्प यात्रा के दौरान शिकारीपाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी हेमंत सरकार पर जमकर बरसे। संथाली भाषा में बोलते हुए कहा कि अटल जी ने इस राज्य को अलग राज्य का सौगात दिये, जिसे राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार ने संवारने का कार्य किया। किंतु हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार से प्रदेश की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं और हेमंत सोरेन दलालों, भ्रष्टाचारियों की चिंता करते हैं। हेमंत सोरेन ने पैसे कमाने में झारखंड को खोखला कर दिया। खदान व खनिज संपदा दिल्ली मुंबई वालों को दे दिया। उन्होंने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें व झारखंड में भाजपा की सरकार बनायें, भाजपा स्थानीय को खदान का लीज देगी। पूंजी नहीं होने पर पूंजी भी देगी। यहां के लोग मजदूर नहीं मलिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि पहली सरकार में बस का मालिक बनाया था इस बार भाजपा की सरकार बनी तो खदान का मालिक स्थानीय लोग बनेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत वाली हिम्मत अपराधियों में दिख रही है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक प्रदेश में हेमंत सरकार है कानून राज स्थापित, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने वाला नहीं है। हेमंत सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

श्री मरांडी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकारें विकास के लिए जानी जाती हैं जबकि कांग्रेस-जेएमएम की सरकार मतलब ही भ्रष्टाचार लूट दलालों बिचौलियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लूट मची है भ्रष्टाचार व्याप्त है, इस लूट के खिलाफ बोलने पर हेमंत सोरेन ने आधा दर्जन केस करवा दिया है। उन्होंने कहा कि जितना केस करवाना है करवा लें वे जेल से भी राज्य सरकार द्वारा मची लूट, झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में सड़क निर्माण हुआ। संथाल परगना में भी विकास की कई योजनाएं चल रही हैं। रेलवे मार्ग से लेकर हवाई मार्ग से यह क्षेत्र जुड़ गया। देवघर में एम्स और दुमका में मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार में ही निर्माण हुआ। इतना ही नहीं भाजपा ने अलग से आदिवासी मंत्रालय, संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराया और मोदी जी ने पहली बार मंत्रालय में आठ आदिवासी को मंत्री बनाया जबकि कांग्रेस जेएमएम ने आदिवासियों से सिर्फ. वोट लेने का कार्य किया। उन्होंने 2024 में नरेंद्र मोदी को जिताने का संकल्प और झारखंड से हेमंत को उखाड़ फेंकते हुए भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा से सरकार की नींद उड़ी

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलती रहेगी: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददादा



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींद बाबूलाल मरांडी जी की संकल्प यात्रा को मिल रहे आपार समर्थन से उड़ गयी है। प्रतुल ने कहा कि उमस भरी गर्मी हो या तेज बारिश, सारे परिस्थितियों में हजारों- हजार की संख्या में लोग बाबूलाल मरांडी को सुनने आ रहे हैं। साफ है कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है।

प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर जो भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए थे,वह तीर बिल्कुल निशाने पर लगा है, तभी सरकार की ओर से आज तक किसी ने इसका खंडन नहीं किया, लेकिन बाबूलाल मरांडी जी पर फर्जी मुकदमों की झड़ी लगा दी गई है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके सलाहकार यह कंफ्यूजन में है कि बाबूलाल मरांडी और भाजपा के नेता ऐसे फर्जी मुकदमा से विचलित हो जायेंगे।

प्रतुल ने सरकार को ललकारते हुए कहा कि वो बाबूलाल जी पर 4 क्या 400 मुकदमे भी कर दे तो भी उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम नहीं रुकने वाली है। प्रतुल ने कहा मुख्यमंत्री जी को तीन प्रकार का भय सता रहा है। एक भ्रष्टाचार में फंसने के कारण लाल कोठी का रास्ता दिख रहा।दूसरा उनका जनाधार पूरे तरीके से समाप्त हो गया है। तीसरा संकल्प यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से उन्हें पता है कि उनकी सरकार के दिन अब गिने चुने ही बाकी हैं।

प्रतुल ने कहा ऐसे भी इस सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में ढाई सौ भाजपा के नेता, कार्यकताओं पर फर्जी मुकदमे किए है जिसमें राजद्रोह जैसे आरोप भी शामिल है। प्रतुल ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा बढ़ता रहेगीऔर भ्रष्टाचार के खिलाफ बाबूलाल मरांडी जी का मुहिम भी लगातार चलती रहेगी। सरकार में जितना दम है वह फर्जी मुकदमे कर ले। लेकिन यह संकल्प यात्रा अब अंजाम तक जाकर ही रुकेगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव पूजन पाठक भी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### केंद्रीय सरना समिति ने डब्बू महली को दी श्रद्धांजलि



**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में केंद्रीय धुमकुड़िया करम टोली में नागपुरी के महान लेखक एवं गीतकार सुप्रसिद्ध कलाकार स्व. डब्बू महली की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन झारखंड आंदोलनकारी कुमुद कुमार वर्मा ने किया। जिसमें झारखंड के सैकड़ों कलाकार व गणमान्य लोग एवं विभिन्न सरना समिति उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। बता दें कि 13 अगस्त 23 को उनकी बिमारी के कारण निधन हो गया था। साथ ही उनके परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि झारखंड के कलाकारों की आज बद से बत्तर स्थिति है। झारखंड के बने 23 साल होने के बाद भी झारखंड के आंदोलनकारी हो या झारखंड के कलाकार आज मान सम्मान एवं हक अधिकार के लिए मोहताज है। झारखंड के कोई भी सरकार इन लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। इस मौके पर मुख्य पहान जगलाल पहान, केंद्रीय धूमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो, सुरज टोप्पो, जगन्नाथ तिर्की, अनिल उरांव, अजीत लकड़ा, अमर मुंडा, कृष्णकांत टोप्पो, कुमोद कुमार वर्मा, मुकेश मुंडा के साथ झारखंड के कई कलाकार उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- तीरंदाजी, हिंदी निबंध लेखन, अंग्रेजी निबंध लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।सांसद खेल महोत्सव में शानदार तीरंदाजी प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में शुभम राज साही को स्वर्ण पदक, अमित कुमार सवैया को रजत पदक एवं प्रेयांक रौनक महतो तथा स्पर्श कमल को कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता सदन एवं खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। छात्र एवं छात्राओं को अलग अलग कक्षाओं के अनुसार अलग अलग ग्रुप में बांटा गया था। इसमें छात्राओं के ग्रुप ए में प्रथम स्थान कीट्स सदन, द्वितीय शेक्सपियर सदनएवं तृतीय स्थान बायरन सदन को प्राप्त हुआ। छात्राओं के ग्रुप ब में प्रथम स्थान बायरन सदन, द्वितीय स्थान कीट्स सदन एवं तृतीय स्थान इलियट सदन को प्राप्त हुआ। छात्रों के ग्रुप ए में इलियट हाउस प्रथम, बायरन हाउस द्वितीय एवं शेक्सपियर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप बी में कीट्स को प्रथम, बायरन को द्वितीय तथा शेक्सपियर सदन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस स्वर्णिम अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता नेविजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उनको संबोधित करते हुए कहा कि 240 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए। पुरस्कारों की बढ़ती हुई संख्या विद्यार्थियों में उनके लगन एवं जज्बातों का द्योतक है। इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर, जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### भूमि पूजन के बाद पंडाल निर्माण कार्य शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी स्कूल के प्रांगण में समिति के सभी सदस्यों की उपस्तिथि में पूजन स्थल की भूमि पूजन की गई। इस भूमि पूजन के साथ ही पंडाल निर्माण कार्य शुरू हो गया। भूमि पूजन में समिति के अध्यक्ष चंद्रभान खत्री, संरक्षक श्याम नारायण दयाल, संयोजक दीपक कुमार पंकज, प्रमोद लोहिया, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित व्यास, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव रंजित जयसवाल एवं समिति के मनोज बक्सरिया, रविंद्र सैनी, प्रखर लोहिया, गौतम कुमार, विशाल गुप्ता, वेद प्रकाश सिंह, सिखिल व्यास आदी उपस्थित थे।

### हथियार दिखाकर लूट, सीसीटीवी में वारदात कैद

**रांची (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर चुन्ना भट्टा में शुक्रवार सुबह एक लाल रंग की स्कूटी पर सवार चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक व्यक्ति के साथ लूट की। अपराधियों ने व्यक्ति से पर्स और मोबाइल फोन लूट लिया। पर्स में पांच हजार रुपये और कुछ जरूरी कागजात थे। जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति का नाम प्रवीण प्रसाद चौरसिया है, जो नवादा से कोकर भाभा नगर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी मे कैद हो गयी है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### विलुप्त होती जनजाति सबर ट्रिब की महिलाओं को घास, पाम और लिफ्स से राखी बनाने की दी ट्रेनिंग



**रांची (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 के द्वारा होटल कैपिटल हिल में चैयरमैन विजिट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ रागिनी रानी ने क्लब का जायजा लिया। महिलाओं के लिए सिलाई, बुनाई, कुकिंग, फ्लावर मेकिंग, ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। इस केंद्र के खोलने में क्लब की ट्रेजर नीता शेखर ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरा गौ अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट किया गया। तीसरा कैंसर जागरूकता के लिए कचहरी चौक पर होर्डिंग लगवाया गया। इसके अलावा सबर ट्रिब एक विलुप्त होती जनजाति की महिलाओं को ट्रेनिंग देकर उसे उनसे घास पाम लिफ्स से राखी बनवाया गया। उन राखियो को हमारे क्लब स्वर्णरेखा रांची ने उनसे खरीदा और उनके विक्रय की व्यवस्था कर उन्हें उनके जीवन यापन में सहायता करने की एक कोशिश की है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बिना देर किये पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण कराये सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा को लागू करे: राजेंद्र प्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** पिछड़ी जातियों की जनगणना, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, स्थिति का सर्वेक्षण और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा को लागू तुरंत लागू करे सरकार। उक्त बातें विशिष्ट अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को दुमका के इनडोर स्टेडियम में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन सह विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जातियों को 36 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक आरक्षण देने के लिए सरकार के पास अनुशंसा की है। उन्होंने कहा कि सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण दुमका, लातेहार, खूंटी गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा में शून्य करना दुर्भाग्यपूर्ण है। के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन पिछड़ी जाति अपने अधिकार के लिए आज भी संघर्षरत और आंदोलित है। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व मिले यह तय करना सभी राजनीतिक दलों की नैतिक जिम्मेवारी बनती है, लेकिन संकुचित विचार रखने वाले राजनीतिक दलों के कारण ऐसा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि रोटेशन नहीं हो पाना संविधान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है, जो संसदीय क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्र, महापौर इत्यादि जो लंबे समय से आरक्षित है, उसका रोटेशन होना चाहिए। कहा कि झारखंड के हर क्षेत्र के लोगों को विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व हो, इसके लिए झारखंड विधानसभा की 81 सीटें को बढ़ा कर 160 करने तथा लोकसभा की 14 सीट को बढ़ा कर 28 सीट करने की मांग भारत सरकार से की। साथ ही विधान परिषद का गठन करने की भी भांग भारत सरकार से की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार जब तक खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय को परिभाषित नहीं करती है, तब तक संयुक्त बिहार में बने खतियान आधारित नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे जो खतियान आधारित है।

### अमन साहू के नाम पर वाहन कारोबारी से मांगी 5 लाख की रंगदारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** एटीएस लगातार संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। अब तक 18 से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके है। इसके बाद भी कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू कारोबारियों से रंगदारी मांग रहा है, जबकि अमन साहू जेल में बंद है। कुख्यात अपराधी अमन साहू ने एक बार फिर एक वाहन कारोबारी से पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी के पैसे नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी मिली है। इस संबंध में आजाद बस्ती निवासी मो. वसीम (37) ने लालपुर थाने में अमन साहू के विरुद्ध रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे पुरानी गाड़ियों की खरीद बिक्री करते है और एक व्यापारी है। उनका दुकान एचबी रोड थड़पखना मस्जिद के बगल में है। दुकान का नाम आरवी मोटर है।

## साहिबगंज में सीबीआइ ने भुवेश मंडल को उठाया

# बच्चू यादव के घर पहुंची, भाई से पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** सीबीआइ की टीम ने साहिबगंज में खनन घोटाले की जांच का काम शुक्रवार को शुरू कर दिया। टीम ने नींबू पहाड़ खनन मामले के एक आरोपी भुवेश मंडल को पूछताछ के लिए उठाया। इसके अलावा टीम बच्चू यादव के घर भी पहुंची। वहां टीम के पहुंचने से पहले गोरा संजय और काला संजय नामक दो व्यक्ति निकलने में कामयाब हो गये। टीम ने बच्चू यादव के भाई छविनाथ यादव से पूछताछ की। उनका पैन, आधार और मोबाइल नंबर सीबीआइ टीम ने लिया है और पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया गया है।

# वेलफेयर सिनेमा हॉल, सैनिक मार्केट के समीप पेड़ काटने का आरोप निराधार : सैनिक कल्याण निदेशालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सैनिक कल्याण निदेशालय के रवि जैन ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया है कि सैनिक मार्केट वेलफेयर सिनेमा हॉल के समीप पेड़ काटे जा रहे थे। श्री तिवारी के बयान प्रथम दृष्टया यह लगा की सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा गलत ढंग से पेड़ों की कटाई की जा रही थी। जबकि वास्तविकता यह है कि वेलफेयर सिनेमा जो कि सन 1998 से बंद पड़ा हुआ है। इसके विकास कार्यों के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है कि उसे पुनर्विकास कर संबंधित विषयक प्राप्त राशि वीर नारी, विधवा एवं पूर्व सैनिक के प्रसंग में चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं में लगाई जा सके, जिससे समाज में नयी जागृति पैदा हो सके तथा सेना से जुड़े हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लोगों में एक नए संदेश का संवहन हो। लगभग 25 वर्षों से परिसर बंद होने के कारण जंगली वृक्षों की संख्या बढ़ गयी थी। विहित प्रक्रिया के तहत पेड़ों को काटने की तत्संबंधी स्वीकृति तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी, रांची के स्तर पर 11 मई 2023 को ही प्राप्त कर ली गयी थी। इस संबंध में सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के उपरांत ही वन विभाग के स्तर से ही पेड़ों की कटाई की जा रही थी। बिना तथ्यों एवं साक्ष्यों की जानकारी के धर्मेंद्र तिवारी द्वारा केवल अपने व्यक्तिगत छवि को मीडिया में बनाये रखने एवं राजनीतिक रंग लाभ लेने के उद्देश्य से पूर्णतया निराधार एवं भ्रमित करने वाला बयान दिया है।

### पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्थायी आयोग वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा मनोविज्ञान के शब्दावली का संथाली में निर्माण करने हेतु डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन 25 अगस्त को हुआ। आयोग के सहायक निदेशक डॉ संतोष कुमार एवं कार्यशाला-समन्वयक डॉ मीनाक्षी कुजूर ने पूरे कार्यक्रम को सफल बतलाया इस कार्यशाला में मनोविज्ञान एवं संथाली के विशेषज्ञ डॉ अमन मुर्मू, डॉ किलिस मरांडी, डॉ बालकिशोर मराण्डी, डॉ सनातन मुर्मू, प्रो श्रीति चौधरी, डॉ कलानंद ठाकुर, डॉ नृपेंद्र पाठक, डॉ अजय कुमार सिंह ने गहन विचार-विमर्श करके तकनीकी शब्दों का निर्माण किया। इसकी उच्च शिक्षा क्षेत्र में पुस्तक लेखन में होगी।

### अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़ी ओसीसीआरपी भारतीय कॉरपोरेट को बना सकती है निशाना: रिपोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** अमेरिका के एक शॉर्ट सेलर द्वारा अडानी समूह पर एक निराशाजनक रिपोर्ट से बाजार में हलचल मचाने के कुछ महीनों बाद, जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स फंड जैसे लोगों द्वारा वित्तपोषित एक संगठन, ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) शुरू हो गया है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी भारत में कुछ कॉरपोरेट घरानों पर एक और 'एक्सपोज' की योजना बना रही है। ओसीसीआरपी, जो खुद को यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में फैले 24 गैर-लाभकारी जांच केंद्रों द्वारा गठित एक खोजी रिपोर्टिंग मंच कहता है। एक रिपोर्ट या लेखों की एक श्रृंखला प्रकाशित कर सकता है। विशेषज्ञता का दावा करता है और बड़े पैमाने पर मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के माध्यम से इन समाचार लेखों को प्रकाशित करता है। अपनी वेबसाइट पर, यह जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन को संस्थागत दानदाताओं में से एक के रूप में पहचानता है, जो दुनिया भर में कट्टरपंथी कारणों को वित्तपोषित करने में रुचि रखने वाला एक फाइनेंसर है। अन्य में फोर्ड फाउंडेशन, रॉकफेलर ब्रदर्स फंड और ओक फाउंडेशन शामिल हैं।

# इक्फाई विवि में भारत में उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्तावाद कानून और व्यवहार के बदलते स्वरूप पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारत में उपभोक्ता संरक्षण, उपभोक्तावाद कानून और व्यवहार के बदलते स्वरूप पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुक्रवार को विधि संकाय इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड द्वारा आयोजित की गयी। सेमिनार इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रोफेसर डॉ रमन कुमार झा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षाविदों, उद्योग जगत के लोगों, अनुसंधान विद्वानों और छात्रों से लगभग 100 पेपर प्राप्त हुए। राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में प्रस्तुति के लिए उन पर विचार किया गया। राष्ट्रीय सेमिनार में भारत में उपभोक्ता संरक्षण को नियंत्रित करने वाला नियामक ढांचा, उपभोक्ता सुरक्षा उभरते रुझान, भविष्य की चुनौतियां, ई-कॉमर्स और उपभोक्ता संरक्षण पर तीन तकनीकी सत्र शामिल हैं। इनकी अध्यक्षता रहीमुन्निसा बेगम सहित डॉ साईराम भट, डॉ के श्यामला, डॉ एमआरएस मूर्ति, डॉ ममता राणा, डॉ अफकार अहमद, श्रुति दासगुप्ता और डॉ रंजीता मुखर्जी की उल्लेखनीय शिक्षाविदों द्वारा की गयी। सेमिनार का उद्घाटन सत्र सेमिनार संयोजक डॉ आलोक कुमार की परिचयात्मक टिप्पणी के साथ शुरू हुआ। इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की सामाजिक इंजीनियरिंग के लिए उपभोक्तावाद और उपभोक्ता संरक्षण की आवश्यकता अपरिहार्य है। राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य वक्ता प्रो डॉ अशोक आर पाटिल, कुलपति एनयूएसआरएल रांची ने प्रतिभागियों को उपभोक्ता अधिकारों के विकास इसकी संवैधानिक वैधता और उपभोक्ता को बढ़ावा देने में कानून के छात्रों की भूमिका के बारे में बताया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि बसंत कुमार गोस्वामी अध्यक्ष झारखंड राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग रांची ने उपभोक्ताओं के हितों, सुनवाई का अधिकार, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के माध्यम से प्रभावी निवारण का अधिकार पर जोर दिया। उन्होंने भारत में सफल उपभोक्तावाद आंदोलन के लिए जनभागीदारी पर भी जोर दिया। सेमिनार में स्वागत भाषण डॉ बी बारिक ने दिया और सेमिनार में डीन शैक्षणिक प्रो अरविंद कुमार की उपस्थिति रही। सेमिनार का समापन एसएस प्रसाद अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग रांची की गरिमामय उपस्थिति में सेमिनार के आयोजन सचिवों डॉ मिथिलेश कुमार पांडे, दिव्य उत्कर्ष और अमरजीत रंजन की सेमिनार के परिणाम के बारे में रिपोर्ट के साथ संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार प्रो डॉ जेबी पटनायक ने किया। इन्होंने बड़ी सफलता के साथ राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

# हटे बोर्ड का बोझ

केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को जारी किये गये नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) की जो सबसे बड़ी खूबी कही जा सकती है वह है इसे तैयार करने में दिखाया गया लचीलापन। इसी साल अप्रैल में जारी किये गये इसके ड्राफ्ट पर लोगों से फीडबैक मांगा गया था। बड़े पैमाने पर फीडबैक आया भी और उस पर खुलेपन से विचार भी किया गया। यह बात उन बदलावों से स्पष्ट है, जो अप्रैल में जारी ड्राफ्ट के मुकाबले बुधवार को जारी अंतिम एनसीएफ में दिख रहे हैं। ड्राफ्ट में छठी, सातवीं और आठवीं क्लास में तीन भाषाएं और नौवीं-दसवीं में दो भाषाएं पढ़ाने की बात थी, जबकि दसवीं और ग्यारहवीं में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं को लेकर कोई दिशानिर्देश नहीं दिया गया था, लेकिन फाइनल कॉपी में नौवीं और दसवीं क्लास के लिए तीन भाषाएं (दो भारतीय) जबकि दसवीं और ग्यारहवीं के लिए दो भाषाएं (एक भारतीय) पढ़ाने की बात साफ-साफ कही गयी है। दूसरा महत्वपूर्ण उदाहरण वार्षिक परीक्षा व्यवस्था की जगह सेमेस्टर सिस्टम लाने का है। ड्राफ्ट में इस बदलाव को तत्काल लागू करने की सिफारिश की गयी थी, लेकिन बताया जाता है कि कई राज्य इसके खिलाफ थे। उनका कहना था कि उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए यह बदलाव तत्काल करना ठीक नहीं होगा और इसलिए इस पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। इन सुझावों के अनुरूप फाइनल एनसीएफ कहता है कि लंबी अवधि में सभी बोर्डों को सेमेस्टर सिस्टम लागू करना चाहिए। एक अहम व्यवस्था जिसे ड्राफ्ट और फाइनल दोनों में जस का तस रखा गया है, 12वीं के बोर्ड एग्जाम से जुड़ी है। एनसीएफ के मुताबिक, 12वीं क्लास में बोर्ड एग्जाम साल में दो बार हुआ करेंगे। स्टूडेंट्स अपनी मर्जी और तैयारी के मुताबिक विषय चुनकर इनमें बैठ पायेंगे और बाकी विषय अगली बार के लिए रख सकेंगे। इतना ही नहीं, उन्हें दोनों परीक्षाओं में बैठने और बेस्ट स्कोर रखने का भी अधिकार होगा। जाहिर है, इस व्यवस्था का मकसद स्टूडेंट्स पर बोर्ड एग्जाम का दबाव कम करना है। संपूर्णता में देखा जाये तो एनसीएफ की तमाम सिफारिशें 2020 में लायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों और भावनाओं के अनुरूप हैं। एनसीएफ की भूमिका स्कूली पाठ्यक्रम, पढ़ाने के तौर-तरीके वगैरह तय करने का पैमाना तैयार करने की होती है। हालांकि शिक्षा राज्य सूची का विषय है और इसीलिए खासकर राज्य शिक्षा बोर्डों के लिए इसकी सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं। फिर भी देश में स्कूली शिक्षा को बदलते दौर की जरूरतों और वैश्विक मानदंडों के अनुरूप ढालने और इसके साथ-साथ बच्चों को अपनी जड़ों से भी जोड़े रखने के लिहाज से ये खासे महत्वपूर्ण हैं। हां, यह देखना जरूरी है कि इस पर अमल करते हुए भी वह संवेदनशीलता बनाये रखी जाये, जो ड्राफ्ट को अंतिम रूप देते हुए दिखायी गयी, ताकि व्यवहार में अगर उम्मीदों के मुताबिक नतीजे आते न दिखें तो आवश्यक फेरबदल करने में ज्यादा मुश्किल न हो।

**एनसीएफ के मुताबिक, 12वीं क्लास में बोर्ड एग्जाम साल में दो बार हुआ करेंगे। स्टूडेंट्स अपनी मर्जी और तैयारी के मुताबिक विषय चुनकर इनमें बैठ पायेंगे और बाकी विषय अगली बार के लिए रख सकेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**लगभग 350 साल पहले टीपू सुल्तान ने एक ऐसा हथियार बनाया था, जो दुश्मनों पर भारी पड़ गया था। सन 1780 में टीपू सुल्तान ने इन रॉकेटों का इस्तेमाल ब्रिटिश फौज पर हमला करने के लिए किया था। 19वीं सदी की शुरुआत में जब ब्रिटिश फ्रांस के खिलाफ नैपोलियन के युद्धों में फंस गये थे, तो उन्होंने एक सैन्य हथियार पेश किया, जो था कांग्रीव रॉकेट। कांग्रीव रॉकेट 1806 में ईस्ट इंडिया कंपनी के एक आविष्कारक सर विलियम कांग्रीव द्वारा डिजाइन किया गया था।**


# टीपू सुल्तान ने की थी रॉकेट प्रणाली की खोज

योगेंद्र योगी

चंद्रयान-3 की गूंज पूरे विश्व में सुनायी दे रही है। इसके पीछे रॉकेट लांचिंग की एक ऐतिहासिक दास्तान जुड़ी हुई है। यह घटना है भारत के इतिहास के करीब 350 साल पुरानी। पूरी दुनिया को भी इस बात अंदाजा नहीं था कि भारत ने रॉकेट लांचिंग की खोज की है। रॉकेट प्रणाली से चलने वाली मिसाइलों का इतिहास भारत में दर्ज है। इतना ही नहीं इतिहास का यह पन्ना अमेरिका के अंतरिक्ष रिसर्च सेंटर नासा तक में दर्ज है। नासा की गैलरी में एक ऐसी तस्वीर लगी हुई है, जो इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि हवा में चलने वाली इस प्रणाली की खोज भारत में हुई। यहां से यह प्रणाली पश्चिमी देशों में जाकर परिष्कृत और उन्नत हुई। ये रॉकेट इस मायने में क्रांतिकारी कहे जा सकते हैं कि इन्होंने भविष्य में रॉकेट बनाने की नींव रखी।

टीपू सुल्तान, जिसे टीपू साहब या मैसूर के टाइगर के नाम से भी जाना जाता है, दक्षिण भारत में स्थित मैसूर साम्राज्य के शासक और रॉकेट तोपखाने के अग्रणी थे। अमेरिकन स्पेस रिसर्च एजेंसी नासा की रिसेप्शन लॉबी में एक पेंटिंग है, जिसमें लड़ाई का एक दृश्य दिखाया गया है और साथ में यह बताने की कोशिश की गयी है कि कैसे रॉकेट के इतिहास से एक योद्धा ने विशाल ब्रिटिश सेना को हराया था और यह योद्धा कोई और नहीं टीपू सुल्तान था। भारत के मिसाइल कार्यक्रम के जनक एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी किताब विंग्स ऑफ फायर में लिखा है कि उन्होंने नासा के एक सेंटर में टीपू की सेना की रॉकेट वाली पेंटिंग देखी थी। कलाम लिखते हैं, मुझे यह लगा कि धरती के दूसरे सिरे पर युद्ध में सबसे पहले इस्तेमाल हुए रॉकेट और उनका इस्तेमाल करने वाले सुल्तान की दूर दृष्टि का जश्न मनाया जा रहा था। वहीं हमारे देश में लोग यह बात या तो जानते नहीं या उसको तवज्जो नहीं देते।

**कांग्रीव रॉकेट 1806 में ईस्ट इंडिया कंपनी के एक आविष्कारक सर विलियम कांग्रीव द्वारा डिजाइन किया गया था।**



**बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लंदन के मशहूर साइंस म्यूजियम में टीपू के कुछ रॉकेट रखे हैं। ये उन रॉकेटों में से थे, जिन्हें अंग्रेज अपने साथ 18वीं सदी के अंत में ले गये थे। ये दीवाली वाले रॉकेट से थोड़े ही लंबे होते थे। मैसूरियन रॉकेट के साथ अनुभव ने अंततः रॉकेट वूलविच आर्सेनल को मैसूरियन प्रौद्योगिकी के आधार पर 1801 में एक सैन्य रॉकेट अनुसंधान और विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।**

लगभग 350 साल पहले टीपू सुल्तान ने एक ऐसा हथियार बनाया था, जो दुश्मनों पर भारी पड़ गया था। सन 1780 में टीपू सुल्तान ने इन रॉकेटों का इस्तेमाल ब्रिटिश फौज पर हमला करने के लिए किया था। 19वीं सदी की शुरुआत में जब ब्रिटिश फ्रांस के खिलाफ नैपोलियन के युद्धों में फंस गये थे, तो उन्होंने एक सैन्य हथियार पेश किया, जो था कांग्रीव रॉकेट। कांग्रीव रॉकेट 1806 में ईस्ट इंडिया कंपनी के एक आविष्कारक सर विलियम कांग्रीव द्वारा डिजाइन किया गया था। उन्हें रॉकेट बनाने का विचार तब आया, जब टीपू सुल्तान ने ऐसे रॉकेटों का इस्तेमाल करके अंग्रेज सेना के छक्के छुड़ा दिये थे। यह रॉकेट अब तक यूरोपीय महाद्वीप में पहले कभी किसी भी देश ने इस्तेमाल नहीं किया था।

कांग्रीव रॉकेट को, 1800 के दशक की शुरुआत में बहुत प्रयोग के बाद फ्रांसीसी सैनिकों के खिलाफ तैनात किया गया था। इन रॉकेट की ताकत और प्रभावशीलता ऐसी थी कि इन्होंने तुरंत सभी देशों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया एवं जल्द ही डेनमार्क, मिस्र, फ्रांस, रूस और कई अन्य देशों के सैन्य इंजीनियरों ने ब्रिटिश इंजीनियरों का अनुसरण करना शुरू कर दिया।

हालांकि, 19वीं शताब्दी के मध्य में, इतिहासकारों ने ब्रिटिश सैनिकों के अतीत के बारे में पता लगाया, जिससे उन्हें यह पता चला कि वास्तव में, कांग्रीव रॉकेट की जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप में टीपू सुल्तान के राज्य में थीं। टीपू सुल्तान ने 18वीं सदी में अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। अंग्रेजों ने टीपू सुल्तान के साथ मित्रता करने की बहुत कोशिश की, लेकिन टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से कभी हाथ नहीं मिलाया। इसलिए अंग्रेज और टीपू सुल्तान एक-दूसरे के दुश्मन बन गये। इसी दुश्मनी में टीपू सुल्तान एवं उसके पिता हैदर अली ने चार लड़ाइयां लड़ी थीं, जिनको आज एंग्लो-मैसूर युद्ध के नाम से जाना जाता है। जब इस लड़ाई में अंग्रेजों के गोला बारूद टीपू सुल्तान की तलवार पर हावी होने लगे, तब टीपू सुल्तान ने अपनी सेना को एक ऐसा हथियार दिया, जिसे इतिहास में मैसूरियन रॉकेट के नाम से जाना जाता है।

मैसूरियन रॉकेट भारतीय सैन्य हथियार थे, जो कि लोहे के आवरण से बने थे तथा उन्हें सफलतापूर्वक सैन्य उपयोग के लिए तैनात किया गया था। हैदर अली और टीपू सुल्तान के नेतृत्व में मैसूर की सेना ने 1780 और 1790 के दशक के दौरान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ प्रभावी ढंग से इन रॉकेटों का इस्तेमाल किया। इस अवधि के मैसूर रॉकेट मुख्य रूप से प्रणोदक धारण करने के लिए लोहे की ट्यूबों के उपयोग के कारण अंग्रेजों की तुलना में कहीं अधिक उन्नत थे। लगभग एक पौंड (450 ग्राम) पाऊडर ले जाने वाला एक रॉकेट लगभग 1,000 गज (910 मीटर) की यात्रा कर सकता था। रॉकेटों को एक सटीक कोण पर बांस पर रखा जाता था, जो इस बात पर निर्भर करता है कि वह कितनी दूर गिरे और इसके बाद उसे उड़ाया जाता था। माना जाता है कि पोल्लिलोर की लड़ाई (आज के तमिलनाडु का कांचीपुरम) में इन रॉकेटों ने ही खेल बदल कर रख दिया था। सन 1780 में हुई इस लड़ाई में एक रॉकेट शायद अंग्रेजों की बारूद गाड़ी में जा टकराया था। अंग्रेज यह युद्ध हार गये थे।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लंदन के मशहूर साइंस म्यूजियम में टीपू के कुछ रॉकेट रखे हैं। ये उन रॉकेटों में से थे, जिन्हें अंग्रेज अपने साथ 18वीं सदी के अंत में ले गये थे। ये दीवाली वाले रॉकेट से थोड़े ही लंबे होते थे। मैसूरियन रॉकेट के साथ अनुभव ने अंततः रॉकेट वूलविच आर्सेनल को मैसूरियन प्रौद्योगिकी के आधार पर 1801 में एक सैन्य रॉकेट अनुसंधान और विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैसूर से कई रॉकेट आवरण एकत्र किये गये और विश्लेषण के लिए ब्रिटेन भेजे गये। ठोस-ईंधन वाले रॉकेट का ब्रिटिश द्वारा पहला प्रदर्शन 1805 में हुआ और उसके बाद शस्त्रागार के कमांडेंट के बेटे विलियम कांग्रीव द्वारा 1807 में रॉकेट सिस्टम की उत्पत्ति और प्रगति के संक्षिप्त विवरण का प्रकाशन किया गया।

## जमशेदपुर की खबरें

# 28 की भजन संध्या में शहर की पांच हस्तियों को मिलेगा संघ रत्न सेवा अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** 25अगस्त। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा संघ रत्न सेवा अवार्ड की घोषणा कर दी गयी। इस वर्ष भी चयन के लिए शहरवासियों का सुझाव लिया गया अंतः संघ की कोर कमेटी ने गंभीर चिंतन के उपरांत पत्रकारिता, वकालत, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने जीवन के लंबे काल खंड के दौरान समाज में लंबे समय तक उल्लेखनीय योगदान के लिए 5 नामों का चयन किया और आज इसकी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि व्हाट्सप्प मीडिया के माध्यम से शहरवासियों के विचार और उनकी पसंद को आमंत्रित किया गया था। इस माध्यम के जरिये अनगिनत व्यक्तियों ने संघ रत्न सेवा अवार्ड के सुयोग्य विशिष्ट जनों के नाम सुझाए. अनेक व्यक्तियों ने स्वयं भी अपनी उपलब्धियां समर्पित की। संघ ने सभी सुझाव और उपलब्धियों का सम्मान किया। चूंकि 5 नामों की ही घोषणा संभव है, अतयेव सभी नॉमिनेशन को संचित रखते हुए जीवन के लंबे संघर्ष और सेवा के कालखंड के पैमाने पर उक्त क्षेत्रों में 5 नामों की घोषणा की गयी है।

### संघ इन 5 विशिष्ट जनों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए इनके नाम घोषित करने में गर्व और हर्ष का अनुभव कर रहा है

समाज सेवा से - शैलेन्द्र सिंह ( सिख समाज का जाना पहचाना नाम) चिकित्सा के क्षेत्र से डॉ एन के सिंह ( गंगा मेमोरियल अस्पताल) वकालत के क्षेत्र से- निमाई चंद्र पंडा (82 वर्ष ) और पी.एन गोप (प्रताप नारायण गोप) (83 वर्ष ) पत्रकारिता से - रंगाधर नंदा (फोटोग्राफी एवं संवाद संकलन) तथा समाज सेवा - शैलेन्द्र सिंह ( सिख समाज का जाना पहचाना नाम) यह सभी विशिष्ट व्यक्ति शहर में अपनी पहचान रखते हैं। उनके बारे में संघ ने संक्षिप्त संकलन किया जो इस प्रकार है।



डॉक्टर नागेंद्र सिंह, झारखण्ड के प्रख्यात सर्जन गंगा मेमोरियल अस्पताल के संचालक डॉक्टर एन सिंह एक हजार से अधिक ऑपरेशन कर चुके हैं जिनमे 11 हजार से अधिक नि:शुल्क सर्जरी की है। इनको गरीबों का मसीहा भी कहा जाता है।



सरदार शैलेंद्र सिंह ने अपना पूरा जीवन सामाजिक कार्यों में समर्पित कर दिया। हर वर्ग एवं समाज के उत्थान के लिये आगे रहने वाले सरदार शैलेंद्र सिंह जी को जनआंदोलन में नेतृत्व करने के लिये जाना जाता है। झारखण्ड सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान के अलावा इन्हें सिख राजनीति का भीष्म पितामह भी कहा जाता है। जमशेदपुर से



निमाई चन्द्र पंडा,82 साल के अधिवक्ता निमाई चन्द्र पंडा साल 1975 से प्रैक्टिस कर रहे हैं। वे 48 हजार से अधिक केस लड़ चुके है। अपने जीवन में अनुशासित एवं अपने कार्य को पूरी ईमानदारी एवं गरिमामय तरीके से करने के लिये जाने जाते है। आज भी वे उतने ही सक्रिय हैं।



रंगाधर नंदा, रंगाधर नंदा पिछले करीब तीन दशकों से प्रेस फोटोग्राफर एवं संवाद के क्षेत्र में अपना योगदान दें रहे हैं।



पी.एन गोप , 83 वर्षीय ( प्रताप नारायण गोप ) करीब 60 साल से वकालत कर रहे हैं।साल 1996से 2007 तक वे लोक अभियोजक के पद को प्रथिष्ठित किया। चैताली और रिजवान जैसे काफी चर्चित मामलों में इन्होंने ही फांसी की सजा दिलायी थी।

# सावन मेमिम 2023 का लोगों ने उठाया लुफ्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ के द्वारा आयोजित सावन मेमिम 2023 के दूसरे दिन भी तीन सत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ कविता परमार ने दूसरे दिन के पूरे कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। वही कदमा व बिस्तूपुर इकाई द्वारा भजन, कविता व डांस प्रस्तुति की गई। दूसरे सत्र में मोटिवेशनल स्पीकर चंदेश्वर खां के द्वारा आंतरिक प्रेरणा विषय पर बताया गया। उन्होंने कहा अपने विजन को स्वीकार कर विल पावर को बढ़ाते हुए अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद करना है। जो बिष्टुपुर क्लब हाउस में देखने को मिला। तीसरे सत्र में मानगो व बिस्तूपुर इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। मौके पर मेला,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व मोटिवेशनल टॉक आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर खाने का स्टॉल की लोगों ने बहुत सराहना की। विभिन्न तरह की सामग्रियों का स्टॉल अलग अलग इकाइयों द्वारा लगाया गया। अंत में मंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन की। इस अवसर पर सैकड़ों क्षत्रानियों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।





## सावन महोत्सव का आयोजन, विधायक मंगल कालिंदी हुए शामिल

# सावन मिलन समारोह त्योहार और उत्सव की तरह मनाती हैं महिलाएं : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** छोटा गोविन्दपुर दुर्गा बाड़ी में महिला समितीयो के द्वारा सावन महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सावन महोत्सव में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने क्षेत्र के विधायक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा भगवान शिव की भक्ति के लिए सावन का महिना अत्यंत पावन महिना होता है। सावन के महीने में शिव जी ने धरती पर आकर अपनी ससुराल का विचरण किया था। जहां उनका विशेष स्वागत सत्कार किया गया था। इससे शिव जी अत्यंत प्रसन्न हुए थे। तब से हर साल सावन के महीने में शिव जी का विशेष पूजन व सत्कार किया जाता है। कालिंदी ने बताया महिलाओं ने सावन मिलन समारोह में हरी साड़ी पहनकर विशेष रूप से त्योहार व उत्सव की तरह मनाते है। प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव की पूजा पूरे श्रद्धा के साथ करती हैं। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए सभी महिलाओं को बधाई दी। इस अवसर पर समिति के द्वारा आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर खुशियां मनाई। महिलाओं के अनुसारपहली बार इस तरह ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्या सुनीता साह, झामुमो नेता समीर दास, नवमी सिंह, कांता देवी, मीना देवी, सबिता देवी, बुलबुल दास, ज्योति कुमारी, कविता देवी, रूमा तिवारी, प्रिया झा, आशा देवी, अनिता सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।



## पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, रंगदारी मांगने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसांवा जिले के आरआईटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा सिंह उर्फ पगला, गुरु प्रसाद महतो, प्रकाश गोप उर्फ छोटू गोप और राहुल सिंह शामिल है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, एक देशी पिस्तौल,चार जिंदा कारतूस,एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल व चार मोबाइल बरामद कर लिया। शुक्रवार को घटना की जानकारी देते हुए सरायकेला एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया बीते 19 अगस्त को आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक स्थित रायदाना मेटल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अर्जुन महतो से पांच लाख की रंगदारी मांगी गई थी। दुचना मिलने के बाद पुलिस सतर्कता एवं होशियारी से उन सभी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया अपराधकर्मी राजा सिंह उर्फ राजू ने उक्त मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया इस कार्य के लिए राजा राहुल व प्रकाश गोप उर्फ छोटू को सुपारी दी गई थी।एसपी ने बताया गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।इनके खिलाफ जमशेदपुर व सरायकेला के अलग- अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने पुलिस के लिए इसे एक बड़ी कामयाबी बताई। फिलहाल सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## पार्वती घाट के समीप मिला लापता युवक का शव

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाना अंतर्गत पार्वती घाट के समीप अहले सुबह खरकई नदी किनारे 38 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी निकल गई। शुक्रवार को घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। जांच के दौरान जुगसलाई नया बाजार भक्तो गली निवासी हेमंत कुमार शर्मा के रूप में युवक की पहचान की गई। परिवार के लोगो ने गुमसुदा होने की सूचना थाना में दी थी। वहीं जानकारी मिलते ही परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



## खरकई नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**जमशेदपुर।** कदमा थाना अंतर्गत जयप्रकाश नगर के रहने वाले 9 वर्षीय नाबालिक लक्ष्मण का नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गया। शुक्रवार को स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकाला गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्थानीय मिथुन ने बताया गुरुवार को दिन के करीब 2:30 बजे अपने मां और बहन के साथ नदी में नहाने गया था। उसी दौरान पैर पीछल कर गिरने से लक्ष्मण डूबने लगा। वही उसके मा और बहन भी बचाने के क्रम में डूबने लगा। मौके पर स्थानीय लोगों के मदद से उसकी मां और बहन को किसी तरह बचा लिया गया। लेकिन नाबालिक पानी के तेज बहाव में डूब गया। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने काफी छानबीन करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच के बाद सुबह तक कोई सुराग नही मिला। वहीं शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने काफी छानबीन के बाद नाबालिक का शव को बरामद कर लिया। शव मिलने से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल।



# पक्की सड़क से जुड़ेगा हर गांव : मिथिलेश ठाकुर

## 7.36 करोड़ रुपये की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़, 36 लाख रुपए की लागत से तीन नये सड़कों का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत में गढ़वा - मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ से बाजूडीह शिव झरना वाया राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक चार करोड़, 50 लाख, 36 हजार, 700 रुपए की लागत से 3.830 किमी, गढ़वा प्रखंड के बिरबंधा पंचायत में ग्राम



जड़गड़ टोला नावादोहरी से त्रिवेणी चौक होते हुए बंडा पुल तक एक करोड़, 51 लाख, 22 हजार, 300 रुपए की लागत से 1. 210 किलोमीटर तथा संग्रहे खुर्द पंचायत में बेलचंपा-मंझिआव राजमार्ग से गिद्दा बस्ती होते हुए लुकमान अंसारी के घर तक एक करोड़, 34 लाख, 83 हजार, 400 रुपये की लागत से 1.3 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सभी सड़कें काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उत्पन्न होती है। जनहित में सड़कों का निर्माण अति आवश्यक था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने भी स्थिति को देखा है। लंबे समय से ग्रामीण इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। अब ग्रामीणों की मांग पूरी हो गई है। शीघ्र ही उन्हें बेहतर सड़क उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कई अन्य सड़कें भी काफी जर्जर स्थिति में हैं। वे सभी सड़कों के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बहुत जल्द ही अन्य जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में बेहतर सड़कों का जाल बिछाया जायेगा। गढ़वा का एक-एक गांव पक्की सड़क से जुड़ जाए इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। अब तक कई गांव को बेहतर पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है। शेष की योजना पाइप लाइन में है। शीघ्र ही वह भी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा वर्षो से विकास के मामले में अपेक्षित रहा है, परंतु अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। यहां की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें अपना सेवक चुना है वे उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं।

# मंत्री ने दिवंगत पूर्व मुखिया के परिजनों को सांत्वना दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रंका।** रमकंडा प्रखंड अंतर्गत बैरिया पंचायत के पूर्व मुखिया विजय कुजूर के आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने घर पर पहुंच कर शोकाकुल पत्नी और परिवार जनों से मिल कर दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि मुखिया विजय कुजूर जी हम लोगों के बीच नहीं रहे किन्तु उनके बच्चे और परिवार के साथ हम सब खड़े हैं। उन्होंने पिड़ीत परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व मिट्टी देने के अवसर पर गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह पहुंचे थे और मंत्री के साथ भी मौजूद रहे। वहां से आने के क्रम में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रंका प्रखंड अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के गोरेया बखार गांव निवासी चिंतामग्न उरांव के सोलह वर्षीय पुत्र को रात्रि में करैत सांप के द्वारा काट लेने से मौत हो गई थी। इस शोकाकुल परिवार जनों से मिल कर मंत्री ने ढांढस बंधाया और पिडित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मंत्री को आने जाने के क्रम में चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता के नेतृत्व में मंत्री का गर्मजोशी के साथ मुलाकात और स्वागत किया गया। अवसर पर गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, गढ़वा झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, झामुमो गढ़वा युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन और पर्यावरण विभाग श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, रमकंडा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजकिशोर यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी , चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, झामुमो नेता शंभू यादव , खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा प्रखंड सचिव पप्पू यादव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# उत्तेजना से नहीं, चिंतन से करें समस्या का समाधान: जीयर स्वामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** अपमान को सम्मान में बदल देना ही बड़प्पन गोधूलि बेला में चार कार्यों से करें परहेज परमात्मा के अनन्त अवतार हैं। जब-जब पृथ्वी पर उनकी आवश्यकता होती है, वे अवतरित होते हैं। महाप्रलय के समय एकमात्र परमात्मा ही विराजमान रहते हैं। वे सारे अवतारों के कर्ता हैं। परमात्मा वस्तुतः अवतार नहीं, अवतारी हैं। समस्त अवतार परमात्मा (नारायण) से ही निःसृत होते हैं। सभी अवतार परमात्मा के रूप हैं। वे परमात्मा से अभिन्न हैं। श्री जीयर स्वामी ने भागवत कथा के सूत-शौनक संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि धान का एक बीज बोने से सैकड़ों दाने आ जाते हैं। बीज रूप में बोया गया धान का मूल अलग है और उससे प्राप्त दाना का स्वरूप अलग है। उसी तरह परमात्मा मूल से ही अनेक रूपों में अवतार लेते हैं। परमात्मा के अनेक अवतारों को आश्चर्य नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा के अनंत अवतार हैं। इनमें एक हजार विशेष हैं। उनमें एक सौ आठ प्रसिद्ध है, जिनमें 24



अवतार प्रमुख है। इनमें से चार अवतारों की विशेष प्रसिद्धि है। इन चार अवतारों में भी दो बहुचर्चित हैं। इनमें से भी एक अवतार को सर्वाधिक प्रमुख माना गया है, जो कृष्णावतार है। स्वामी जी ने कहा कि चारों युगों की अवधि अलग-अलग है। कलियुग का काल चार लाख बतीस हजार वर्ष, द्वापर का आठ लाख चौसठ हजार, त्रेता का बारह लाख छियान्वे हजार और सत्युग का सत्रह लाख अट्ठाइस हजार है। स्वामी जी ने कहा कि छल-छद्म और पाखंड से बड़ा आदमी बनने वाला बहुत दिनों तक टिक नहीं पाता, क्योंकि उसकी बुनियाद कमजोर होती है। वह हमेशा निडर होने का दिखावा करता है, लेकिन भीतर से काफी कमजोर होता है।

# शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति अतिशीघ्र करे विभाग: सुशील

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**गढ़वा।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के द्वारा जिले के तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों (डिस्ट्रिक्ट आर के रामासाहु सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गढ़वा, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा और कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय गढ़वा) में संबंधित विद्यालय प्रशासन के द्वारा की गई शिक्षक माँग की आवश्यकतानुरूप यथाशीघ्र प्राथमिक, माध्यमिक और पीजीटी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने की माँग उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा से की गयी है। इस बाबत जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार राँची एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद राँची की संयुक्त ड्रीम प्रोजेक्ट के



तहत झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड राज्य में अस्सी माध्यमिक विद्यालयों को उत्क्रमित करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में परिणत किया गया है जो सर्वविदित है। जिनमें गढ़वा जिले के तीन माध्यमिक(उच्च) विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया। ततपश्चात विभागीय निदेर्शानुसार समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए विगत एक जुलाई से कक्षा संचालन का शुभारम्भ पूरे उत्साह के साथ प्रवेशोत्सव मनाते हुए किया गया। परंतु, जिले के तीनों विद्यालयों में शिक्षकों की कमी छात्रानुपात में आज भी असंतुलित बनी हुई है।

जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने आगे बताते हुए कहा कि डिस्ट्रिक्ट आर के रामासाहु सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गढ़वा को उत्कृष्ट करने के साथ-साथ कक्षा - विस्तार (वर्ग 6 से 12 तक) भी कर दिया गया। इस विद्यालय में वर्ग 9 से 10 तक के लिए ही विषयानुसार दस शिक्षक पद स्थापित हैं। परंतु विभाग के द्वारा प्राथमिक और प्लस टू स्तर के शिक्षक पदस्थापित/प्रतिनियोजित नहीं किये गये। वहीं, दूसरी तरफ सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा को भी कक्षा 9 से 12 तक कक्षा विस्तार कर दिया गया है। वर्त्तमान अवधि में नये शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की प्रत्याशा में विगत दो महीनों से उक्त तीनों विद्यालयों के पूर्व पदस्थापित शिक्षक के द्वारा ही विभागीय निदेर्शानुसार हाईब्रिड मोड में पूरे लगन से अध्यापन कार्य किया जा रहा है। अंत में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने उपायुक्त गढ़वा और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा से करबद्ध आग्रह किया है कि जिले के उक्त तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य के मद्देनजर शिक्षा विभाग के द्वारा चयनित उन समस्त सफल शिक्षकों को यथाशीघ्र प्रतिनियोजित करे ताकि झारखंड सरकार की इस ड्रीम प्रोजेक्ट को यथार्थ रूप से धरातल स्थल पर उतारा जा सके और साथ ही समस्त अभिभावकों की अपेक्षा पर यह खरा उतर सके।

# हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन का गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर होगा स्टॉपेज: सांसद



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों के फलस्वरूप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का अगले महीने से गढ़वा टाउन स्टेशन पर स्टॉपेज प्रारंभ होगा। उक्त मामले की सूचना रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) श्री विवेक कुमार सिन्हा के पत्रांकः- सीसी 83एफ/2023, दिनांक 21/8/2023 के माध्यम से धनबाद रेलवे मंडल के सीनियर डीसीएम श्री अमरेश कुमार ने दी है। माननीय सांसद ने बताया है कि अगले महीने 31 अगस्त 2023 के बाद तिथि निर्धारित कर उक्त ट्रेन का स्टॉपेज प्रारंभ किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज की मांग लगातार गढ़वा की जनता द्वारा की जा रही थी। इस ट्रेन के स्टॉपेज के लिए पत्राचार के साथ-साथ माननीय सांसद ने व्यक्तिगत रूप से माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात कर अनुरोध किया था।

# होटल के संचालक ने एसपी को लिखित आवेदन में मजदूर के साथ मारपीट करनेवाले पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत खजूरी न्यू बादल लाइन होटल के संचालक हीरा साह पिता स्वर्गीय लाल जी साह ने शुक्रवार को गढ़वा एसपी को लिखित आवेदन देकर होटल में काम करने वाले मजदूर के साथ मारपीट करने को लेकर रोहित कुमार पिता बुचुन राम सहित पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हीरा साह द्वारा एसपी को दिए गए आवेदन के अनुसार विगत 29 जून को होटल के मजदूर अमर भुइयां के साथ रोहित में अन्य सहयोगियों के साथ मारपीट की थी उक्त मामले को लेकर हीरा साह द्वारा गढ़वा थाने में कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ा तथा पुनः 24 अगस्त को रोहित ने मेरे होटल के मजदूर अमर भुइयां पिता सुखराज भुइया के साथ मारपीट किया जिससे अमर का माथा फट गया। अमर भुइया पलामू जिला अंतर्गत पाटन थाना क्षेत्र के नव जयपुर का रहने वाला है। हीरा साह ने एसपी से होटल तथा होटल में काम करने वाले लोगों की जान माल की सुरक्षा तथा अपराधियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसपी से मिलने वालों में हीरा साह के साथ मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरख साह आदि मौजूद थे।05

# सात सदस्यों ने अपना इस्तीफा स्कूल के हेडमास्टर प्रदीप उरांव को सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड के गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सुंडीपुर के विद्यालय प्रबंधन समिति के सात सदस्यों ने शुक्रवार को अपना इस्तीफा स्कूल के हेडमास्टर प्रदीप उरांव को सौप दिया। आज विभाग के निर्देश पर विप्रस की बैठक का आयोजन विद्यालय में किया गया था। जैसे ही बैठक की कार्यवाही शुरू हुई उपस्थित सदस्यों ने बैठक का विरोध शुरू कर दिया। वर्तमान समिति को गलत बताते हुए पुनः चुनाव कराने की बात कही। बैठक के दौरान पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

समिति की वर्तमान अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने भी दूसरे सदस्यों के द्वारा लगाये गये आरोपों को गलत बताते हुए जमकर विरोध किया। भारी हंगामे के कारण बैठक नही हो सका। इसी बीच वर्तमान कमिटी के छः सदस्य सतेंद्र कुमार शर्मा, गोपाल चौधरी, जितेंद्र सिंह, योगेन्द्र साव, हरेंद्र विश्वकर्मा और किरण कुंवर ने समिति की पुर्नगठन की मांग को लेकर लिखित रूप से अपना इस्तीफा प्रधानाध्यापक प्रदीप उरांव को सौप दिये।

सूत्रों की माने तो कमिटी के शिक्षक सदस्य अखिलेश्वर सिंह भी शुक्रवार की सुबह में अपना इस्तीफा दे दिए हैं। इस तरह चयनित 12 सदस्यों में से 6 सदस्य इस्तीफा दे चुके हैं। उधर वर्तमान कमिटी के दो सदस्य वीरेन्द्र पासवान व पूनम देवी बाहर रहते हैं। इस तरह समिति के एक साथ 7 सदस्यों के इस्तीफा देने के बाद इस विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति अब कार्यरूप में नही रह गया है। उधर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्या सागर मेहता ने मुखिया से मिली शिकायत के बाद अपने पत्रांक 82/एमडीएम दिनांक 4 जुलाई 2023 को पत्र जारी कर मध्य विद्यालय सुंडीपुर में गठित विद्यालय प्रबंधन समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर पुनः समिति का नया चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। लेकिन पुनः नया चुनाव कराने की तिथि अभी तक जारी नही किया गया है। बीईओ ने अपने निर्देश में यह भी कहे थे कि नये समिति के चुनाव में वर्तमान समिति के कोई भी सदस्य शामिल नही होगा। कारण पुनः कोई विवाद नही हो। विद्यालय के हेडमास्टर प्रदीप उरांव ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों ने अपना इस्तीफा मुझे सौंपे हैं। जिसकी सूचना मैं प्रखंड कार्यालय को दे दूंगा। विभाग के द्वारा जो आदेश प्राप्त होगा उसपर विद्यालय अमल करेगी। उधर मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मध्य विद्यालय सुंडीपुर राजनीति का अखाड़ा बन कर रह गया है। विभाग को बार बार स्मारित करने के बाद भी कोई कदम नही उठाया जा रहा है। विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है। इसमें जल्द सुधार होना जरूरी है।

# गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच छाता वितरण



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढवा सिटी की तरफ से गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच छाता वितरण ज्ञान निकेतन स्कूल के निकट दानरो नदी के किनारे किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब की यह सेवा की कड़ी है। लायंस क्लब हर समाज और हर तबके को अपनी सेवा देते आया है। इसी क्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 322ए के आवाहन पर आज जरूरतमंद लोगों के बीच धूप और वर्षा से बचाव के लिए लायंस क्लब के सदस्यों के सहयोग से छाता वितरण किया जा रहा है ।साथ ही साथ फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले वेंडर के लिए भी बड़ा छाता उपलब्ध कराया गया। लायंस क्लब का उद्देश्य जन जन तक सेवा और सुविधा पहुंचना है ।इस अवसर पर क्लब के सचिव संजय कुमार, पूर्व सचिव राम नारायण प्रसाद, लायन संतोष कश्यप, शिव कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश केशरी उपस्थित थे इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील कुमार केसरी ने कहा कि सेवा ही धर्म है और गरीब और लाचार लोगों की सेवा करना और भी पुण्य का काम है। लायंस क्लब का मोटो ही है। वी सर्व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी लोगों को हर संभव मदद करने के लिए सदैव तत्पर है।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में 21 से 26 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्रधानाचार्य उज्ज्वल कुमार नायक और मुख्य समन्वयक आशा राज के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता गीता के चतुर्थ अध्याय का पाठ, 'मृदपि च चंदनमस्मिन देशे' संस्कृत गीत एवं शिव तांडव स्तोत्र पर नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कक्षा दसवीं की छात्रा शुभांगी पटेल ने संस्कृत भाषा में संभाषण प्रस्तुत किया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में संस्कृत में श्लोक और गीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके साथ ही छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मौके पर उपप्रधानाचार्य ने कहा कि संस्कृत भाषा के उच्चारण मात्र से कई प्रकार के प्राणायाम हो जाते है। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और बच्चों के उच्चारण दोष का निवारण किया जा सकता है। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अभय नाथ मिश्र ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। वर्तमान समय में भौतिक सुख सुविधाओं का अंबार होने के बावजूद भी मानव समाज कई तरह के मानसिक अवसाद, तनाव, चिंता और अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त है। क्योंकि केवल भौतिक उन्नति से मानव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। इसके लिये आध्यात्मिक उन्नति अत्यंत आवश्यक है। जिसकी पूर्ति संस्कृत भाषा के द्वारा की जा सकती है। मुख्य समन्वयक आशा राज ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कृत और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ-ही उन्होंने कहा कि यह भाषा हमारे देश की पहचान और हमारा स्वाभिमान है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में इभा रानी, सुचित्रा सिन्हा और सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन दसवीं की छात्रा सौम्या सृष्टि ने किया।

# सीएजी कर रहा केंद्र सरकार के घोटाले का पर्दाफाश सीएजी : धनंजय

**सी ए जी रिपोर्ट के अनुसार एनडीए सरकार में हो रहा है भ्रष्टाचारः ओबेदुल्लाह हक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा रंका मोड़ सरस्वती चिकित्सालय स्थित चिल्ड्रन स्कूल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा प्रभारी एंवम गढ़वा जिला प्रभारी धनंजय तिवारी कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष अब्दुल्ला हक भवनाथपुर कांग्रेस कमेटी प्रभारी अरविंद तूफानी आदि अन्य लोग मौजूद रहे ।मौके पर विधानसभा प्रभारी धनंजय तिवारी ने कहा कि एनडीए की सरकार में हो रहा है। खुलेआम भ्रष्टाचार जिसका पदार्फाश सी ए जी ने किया मोदी सरकार के सात घोटाले प्रधानमंत्री मोदी के नाक के नीचे से हो रहे हैं।

भारतमाला प्रोजेक्ट की बिल्डिंग प्रक्रिया में फर्जी वाले बनायी गयी। जो लागत 100% बढ़ गए 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर पहुंच गयी द्वारका एक्सप्रेसवे अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला टोल नियमों का उल्लंघन ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड रुपए वसूल में केंद्र सरकार के नाक के नीचे किया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वृद्ध विकलांग और विधवा पेंशन योजना का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर रही है। यह एक देश विरोधी संस्था है। सी ए जी जो सरकार के सारे खर्चे का ऑडिट करती है। यह संस्था प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ साजिश रच रही है और उनके एक दो या तीन नहीं सा घोटाला का बेनकाब किया है। वही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष अब्दुल्ला हक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में हो रही धांधली का भी पर्दा फास सीएजी ने किया है। जिसे मृत लोगों के जीवित होने का प्रमाण दिखाकर भुगतान किया गया और एक ही नंबर से 7.5 लाभार्थियों के जुड़े होने का फजीर्वाड़ा भी उजागर किया है उपचार के दौरान 88 760 रोगियों की मौत हो गयी। पर उनकी मौत के बाद उनसे संबंधित 214923 क्लेम का भुगतान किया गया। मौके पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ज्ञान गंगा के सदस्यों ने मेन रोड को हरा भरा बनाने का बीड़ा उठाया



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** लियो क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा के सदस्यों ने मेन रोड़ को हरा भरा बनने का बीड़ा उठाया है। इसी को मद्दे नजर रखते हुए लियो के सदस्यों ने वृक्षा रोपण का कार्यकम किया जिसमे उन्होंने मेन रोड पर 2 वृक्ष लगाया। इसके अलावा उन्होंने इन वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिए जाली का भी प्रयोग किया जिससे इन वृक्षों को सुरक्षा मिले। इस पर लियो अध्यक्ष तेजश्व अग्रवाल ने कहा कि शहर के मेन रोड को हरा भरा बनाना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए शहर के लोगो को ही आगे आना होगा और अपने अपने घर के आगे बस एक एक वृक्ष लगाना होगा। इसी से शहर हरा भरा हो जायेगा। लियो दीपक कुमार ने कहा कि सावन के सुभ महीने मे हम लोगो ने यह काम किया है और बाकी गढ़वा वासियों से अनुरोध किया कि वह सब भी अपने आस पास वृक्ष रोपण करे और परियावरण को अच्छा बनाए। आज उपस्थित लायंस ग्रीन के ला आशुतोष अग्रवाल , ला संतोष अग्रवाल, ला हर्ष अग्रवाल, ला अमित कुमार, ला विनय कश्यप, लिओ मल्टीपल 322 के जीएलटी को -आर्डिनेटर अनुप ठाकुर, लियो अध्यक्ष तेजश्व अग्रवाल, लिओ सचिव मानस अग्रवाल,लिओ दीपक सोनी ,लिओ लोकेश कश्यप ,लिओ अंकेश गुप्ता ,आदि लोग उपस्थित थे ।06

# बीडीओ ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत रंकाखुर्द देशहवा टोला में संचालित प्राथमिक विद्यालय का रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकन के अनुसार बच्चों की उपस्थिति कम पायी गयी। साथ ही उपस्थित बच्चों की संख्या को देखते हुए मध्याह्न भोजन कम मात्रा में बना पाया। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को राजेश कुमार से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं सही मात्रा में मध्याह्न भोजन बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय चंद्रवंशी और विद्यालय के रसोईया महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में शुक्रवार को पेंशनर समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समल महतो ने की। बैठक में पेंशनर समाज के संगठन में नए पेंशनरों को शामिल करने, वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने एवं आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सदस्य को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर पेंशनर समाज के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह, राजेंद्र प्रसाद महतो, रघुनाथ महतो, नागेंद्र नाथ महतो, हरिपद महतो, कृष्ण कुमार महतो, फुलमनी महतो, शुभोबाला महतो, पानो देवी, रतन महतो और कैलाश चंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क पर अतिक्रमण

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में इन दिनों सड़क अतिक्रमण जोर शोर से चल रहा है। लोग मुख्य सड़क को भी अतिक्रमण कर रहे, जिससे सड़क जाम की समस्या हो गई है

**आरोप : केंद्र सरकार अपनी चुप्पी तोड़े और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे : रवि मिश्रा**

# प्रधानमंत्री की नाक के नीचे हो गये सात बड़े घाटाले, फिर भी चुप्पी : कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाक के नीचे बड़े-बड़े घोटाले हो रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार की नींद नहीं खुल रही है। कैग ने मोदी सरकार के सात बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है। भारत माला प्रोजेक्ट, आयुष्मान भारत, अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, विमान इंजन की डिजाइन प्रोडक्शन में खामियां, पेंशन योजनाओं का फंड दूसरी योजनाओं में डाइवर्ट करने सहित कई घोटाले मोदी सरकार में हुए हैं। इसके बाद भी सरकार की चुप्पी नहीं टूट रही है। उक्त आरोप झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने लगाये। वे शुक्रवार को पार्टी के




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कालीचरण मुंडा व अन्य।

खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और पूर्व जिलाध्यक्ष राम कृष्ण चौधरी के साथ आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भारत माला प्रोजेक्ट की बिल्डिंग प्रक्रिया में फर्जीवाड़े के कारण इसकी लागत 100 फीसदी बढ़ गई। द्वारका एक्सप्रेस वे में भारी धांधली हुई। जिस सड़क निर्माण की लागत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर थी वह बढ़कर 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर हो गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखाकर भुगतान कर दिया गया और एक ही मोबाइल नंबर से 7.50 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फर्जीवाड़ा किया गया। कालीचरण मुंडा ने कहा कि भारत माला प्रोजेक्ट में पांच लाख 35 हजार करोड रुपए की लागत पर 34,800 किलोमीटर किमी सड़क बनाने के लिए सीसीइए ने मंजूरी दी थी, लेकिन असल में ठेका 26. हजार 316 किलोमीटर राजमार्ग का ही निर्माण किया गया। परियोजना के लिए 15.37 करोड रुपये प्रति किलोमीटर की लागत की मंजूरी दी गई थी, वह बढ़कर दोगुनी अर्थात 32.17 करोड रुपए प्रति किलोमीटर हो गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस वे में भी 18 करोड़ की योजना 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर तक पहुंच गई। पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि कैग ने आयुष्मान भारत योजना में हो रही धांधली का भी पर्दाफाश किया है, जिसमें मृत लोगों को जीवित दिखाकर भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, ग्रामीण विकास मंत्रालय आदि में भी काफी घोटाले हुए हैं। कालीचरण मुंडा और जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने केंद्र सरकार से मांग की कि सरकार अपनी चुप्पी तोड़े और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। इस मौके पर जिला महासचिव सयूम अंसारी, पांडया मंडा, नरेश तिर्की, सुनीता गोप, सुशील संगा, विजय स्वांसी, रविकांत मिश्रा आदि भी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार बनाने का काम शुरू

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम फिर से शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने वाले कर्मी का तबादला होने के कारण पिछले कुछ महीनो से पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम बंद कर दिया गया था, लेकिन शुक्रवार से बचरा पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनाने का काम पुनः चालू कर दिया गया है। अब कोयलांचल क्षेत्र के लोग बचरा पोस्ट ऑफिस में नया आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में शुद्धिकरण करने का काम करा सकते हैं। यह जानकारी बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी और बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने संयुक्त रूप से दिया है।

### तेली समाज के महाअधिवेशन को सफल बनाने पर चर्चा



खूंटी (आजाद सिपाही)। छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक शुक्रवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनारायण गोंझू और संचालन महादेव साहू ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश तेली समाज का 27 अगस्त को रांची के हरमू बैंक्विट हॉल में होनेवाले महाधिवेशन को लेकर चर्चा की गयी। महा अधिवेशन में झारखंड राज्य के सभी तेली समाज के लोग उपस्थित होंगे। अरुण साहू ने कहा कि अधिवेशन में मुख्य बातों का निर्णय सर्वस समिति से लिया जाएगा। तेली समाज के लोगों की हत्या हो रही है। समाज के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज के संयोजक जितेंद्र कश्यप ने कहा कि खूंटी जिले से समाज के लोग जरूर महा अधिवेशन में भरी संख्या में भाग लेंगे। बैठक में महादेव राम, विक्रम, अमूल्य कुमार, निरंजन प्रसाद, महावीर राम, सती लाल कश्यप आदि उपस्थित थे।

### बीओआइ ने आयोजित किया ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम



खूंटी (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) की ओर से खूंटी के बीआरसी भवन में ग्राहक जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें बीओआइ राष्ट्रीय बैंकिंग समूह झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण, वाहन ऋण, शैक्षणिक ऋण आदि योजनाओं के तहत ग्राहकों को 3.15 करोड़ का ऋण स्वीकृति पत्र सौंपा गया। उन्होंने ग्राहकों का आह्वान किया कि योजनाओं का लाभ केवल अपने तक सीमित न रखें। इसे अपने सगे-संबंधियों को भी बताएं। अटल पेंशन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा योजना के साथ-साथ पीएमजीपी योजना के बारे में विस्तार से बताया। रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक से ऋण प्राप्त कर विकास के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लें। बैंक के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन सनत कुमार दूबे, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयब द्वारा किया गया। इस मौके पर आरसेटी के निदेशक मिथिलेश कुमार, बीओआइ के खूंटी जिले में स्थित सभी आठ शाखाओं के शाखा प्रबंधक, छह प्रखंडों के ग्राहक उपस्थित थे।

### ठनका गिरने से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। ठनका गिरने से गत गुरुवार को सोनाहातू गांव की आधा दर्जन महिलाएं झुलस गई थी। सभी को इलाज के लिये रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शाम छह बजे शव्या उर्फ संयोति देवी ( 32) नामक महिला की मौत हो गया है। जबकि पांच महिलाओं का इलाज जारी है।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

सोनाहातू (आजाद सिपाही) ।प्रखंड के तिलाईपीड़ी गांव में 11 हजार वोलद के करंट की चपेट में आने से प्रह्लाद महतो (62) नामक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह पेड़ पर चढ़कर डाली काटने के दौरान वह बिजली की तार के चपेट में आ गये जिस कारण हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बिजली विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। बिजली विभाग के अधिकारी तुरंत घटना स्थल पहुंच कर उनके परिवारों को 10 हजार रुपये मदद राशि दी। वहीं, खबर पाकर विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, सविता देवी, सुरेंद्र सिंह मुंडा, वीणा, देवेन्द्र नाथ महतो आदि पहुंच और ढांढस बंधाया।

### सोनाहातू के बारेंदा चौक में जंगली हथियों ने मचाया उत्पात

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारेंदा चौक में गुरुवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। गणेश साहू, लक्ष्मीकांत साहू और कपूर देवी के धान गोदाम का स्टर, खिड़की और दरवाजे को तोड़कर जंगली हाथियों का झुंड ने गोदाम में रखे धान को खाया और बर्वाद भी कर दिया है। वहीं, कई किसानों के खेत में लगे सब्जी की फसलों को भी नष्ट कर दिया है। पीड़ितों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर उचित मुआवजे की मांग की है।

## महंगाई के खिलाफ व रोजगार देने की मांग को लेकर 1-7 सितंबर तक चलेगा अभियान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची जिले में योजनाबद्ध तरीके से जमीन की लूट रोकने, सुभाष मुंडा के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी, एयरपोर्ट आथोरिटी, मिलिटरी एरिया व केंद्रीय विश्वविद्यालय समेत अन्य विस्थापित रैयतों की समस्या, खाध सुरक्षा के तहत सब्सिडी वाले अनाज की आपूर्ति, जमीन संबधी विवाद में रैयतों के पक्ष में हुए फैसलों के अनुरूप उन्हें दखल-दहानी दिलाने और नफरत फैलाने वाले सांप्रदायिक तत्वों पर दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उन पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांगों को लेकर माकपा की ओर से 13 सितंबर को रांची डीसी कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन कर उपरोक्त मांगों पर डीसी को स्मार -पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत शुक्रवार को बुंडू में माकपा जिला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें यह भी तय किया गया कि पार्टी के केंद्रीय कमेटी के देशव्यापी आह्वान पर 1 से 7 सितंबर तक बढती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ पूरे जिले में एक प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी 19 प्रखंडों और रांची नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा और नुक्कड़ सभाएं कर जिले की बड़ी आबादी के बीच अभियान संगठित किया जाएगा। बैठक में राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सचिवमंडल सदस्य समीर दास, राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा और जिला सचिव सुखनाथ लोहरा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता रामधन मछुआ ने की। बैठक में रांची जिला कमेटी के सदस्य मधुआ कच्छप, बुध राम उरांव, प्रकाश टोप्पो,रंजीत मोदक, वीणा लिंडा, अमर महली, अरुण महतो, विश्वंभर महतो, जेहरु लाल मुंडा और मंगल मुंडा शामिल हुए। इस दौरान सुभाष मुंडा के हत्यारों और साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर बुंडू नवरात्रि मंदिर से भगत सिंह चौक के पास से 12 सितंबर की शाम को मसाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। जो मेन रोड होते हुए ध्रुर्वा मोड, बिरसा चौक तक जाएगी।

## विकास और सुविधाओं के लिए किये गये प्रयास का अब सामने आने लगा है सुखद परिणाम : संजय सेठ

- खलारी में दो और चांडिल में चार ट्रेनों के ठहराव की रेल मंत्रालय ने दी स्वीकृति
- सांसद ने स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के प्रति आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रांची लोकसभा क्षेत्र को रेलवे मंत्रालय द्वारा छह ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति मिलने के बाद रेलवे बोर्ड ने इसकी सूचना जारी कर दी है। चांडिल और खलारी स्टेशन में बहुत जल्द इन ट्रेनों का ठहराव आरंभ हो जाएगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार सिंह के हवाले से जारी पत्र में यह बताया गया है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में छह ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति दी गई है। खलारी रेलवे स्टेशन पर हटिया आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और संबलपुर बनारस एक्सप्रेस का ठहराव होगा। वहीं चांडिल रेलवे स्टेशन पर दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार एक्सप्रेस, आसनसोल-टाटानगर एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस और टाटा-कटिहार एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया गया है। सांसद संजय सेठ ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। इस संबंध में सांसद ने कहा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार हो, इस दिशा में उन्होंने लगातार काम किया है। जिसके सुखद परिणाम अब सामने आ रहे हैं। लंबे समय से चांडिल और खलारी क्षेत्र के लोग इन ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे थे, जो अब पूर्ण हो गई है। बहुत जल्द यहां और भी कई यात्री सुविधाओं का विस्तार देखने को मिलेगा। इधर, खलारी रेलवे स्टेषन में दो एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति मिलने पर भाजपा खलारी मंडल और स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ के प्रति आभार प्रकट किया है। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि सांसद संजय सेठ के प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। दोनों ट्रेनों के ठहराव होने से खलारी और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लंबी दुरी की यात्रा करने में सहुलियत होगी।

## बचरा में ओपन जिम का उद्घाटन आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन की ओर से सीएसआर योजना के तहत क्षेत्र में लगाए गए ओपन जिम का शनिवार को उद्घाटन किया जाएगा। पिपरवार क्षेत्र के जीएम सीबी सहाय ओपन जिम का उद्घाटन करेंगें। इसको लेकर प्रबंधन की ओर से सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## यौन शोषण का आरोपी युवक बंगाल के पुरुलिया से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में चल रहे फरार वासुदेव महतो नामक आरोपी को पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के अरसा थाना निवासी बासुदेव महतो के ऊपर 10 जुलाई 2022 के तहत कांड संख्या 73/22 धारा 376 भादवी के तहत यौन शोषण का मामला दर्ज किया गया था। वह तभी से फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर अरसा पुलिस की सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## सिल्ली से व्यक्ति का शव बरामद

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली थाना की ओर से सिलीडीह के समीप बीमार अवस्था में पड़े अज्ञात व्यक्ति को बरामद किया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप ने बताया कि सिलीडीह के समीप बीमार अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा था जिसे देखने से पता चल रहा था कि मानसिक विक्षिप्त है। उसकी उम्र करीब 40 साल थी। उस व्यक्ति को उठाकर सिल्ली सामूदायिक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर प्राथमिक उपचार किये। हालांकि कुछ घंटे बाद इलाज के क्रम में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स अस्पताल भेज दिया गया।

**नाराजगी : पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई का आयोजन**

# पुनर्वास केंद्रों में मूलभूत सुविधा व रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल की महात्वाकांक्षी पिपरवार भूमिगत कोल खदान परियोजना के फेज एक के विस्तारीकरण को लेकर शुक्रवार को सीएचपी सीपीपी परियोजना कार्यालय के समक्ष पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड की ओर से आयोजित इस पर्यावरणीय लोक जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, सीसीएल अधिकारी,जन प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिमरिया एसडीओ सुधीर दास और संचालन टंडवा सीओ बिजय कुमार दास ने किया। पर्यावरण संबंधित क्लियरेंस एवं अनापत्ति के लिए बुलाई गई लोक सुनवाई कार्यक्रम का स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने विरोध किया। विस्थापितों के पुनर्वास के साथ मूलभूत सुविधा, लंबित नौकरी और मुआवजा देने,



जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

स्थानीय युवाओं को रोजगार देने सहित अन्य समस्या को विस्थापित ग्रामीणों ने प्रमुखता से उठाया। वहीं, सीसीएल अधिकारियो ने कहा कि पिपरवार में भूमिगत खदान खुलने के बाद पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन बढ़ेगा, जिससे यहां के विकास की रफ्तार भी तेज होगी। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बारी-बारी से स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को सुना और इसके समाधान का भरोसा दिया। वहीं, सीएसआर योजना के तहत ग्रामीण विस्थापित प्रभावित इलाकों में किये गये कल्याणकारी कार्यों और आने वाले दिनों में किये जाने वाले विकाश कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक यादव, आशुतोष साव, फुलेश्वर कुमार, प्रशासन की ओर से टंडवा बीडीओ रंथु महतो, सीओ बिजय कुमार दास, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के अलावे प्रबधंन की ओर से पिपरवार जीएम सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, क्षेत्रीय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, कंपनी के प्रोजेक्ट इंजीनियर अंजन रोय, ग्रामीणों में इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन, रामचंद्र उरांव, धनेश्वर गंझु, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया लोक जनसुनवाई का बहिष्कार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड की ओर से आयोजित पर्यावरणीय लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने बहिष्कार किया। जानकारी के अनुसार ट्रस्ट के सदस्य करीब पांच पंचायत के ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किये। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार में भूमिगत खुलने से स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। ग्रामीण इलाकों का जल स्त्रोत नीचे चला जाएगा, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न होगी। प्रदूषण के कारण लोग बीमार होंगें। जहरीले गैस का रिसाव होने से ग्रामीणों को नुकसान होगा। यदि प्रबंधन और कंपनी ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा को बहाल नहीं करती है तो ट्रस्ट बाध्य होकर पूरे पिपरवार क्षेत्र को बंद कराने को विवश होगा। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन ने जो पूर्व में वादा किया था उसे पहले पूरा करें इसके बाद ही आगे का काम करने दिया जाएगा। इस मौके पर जाहिद अली, सोनू कुमार गुप्ता, राजकुमार राम, अरविंद पासवान, दिनेश राम, अमित राम, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक महोत्सव प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सविमं करकट्टा का बेहतर प्रदर्शन, पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** करकट्टा सरस्वती विद्या मंदिर की बाल और तरुण वर्ग की टीम ने गुरुवार को खलारी संकुल के सविमं पुरानी राय में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को सविमं करकट्टा में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य शालीग्राम सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाल वर्ग की टीम में अंजली, रिया एवं मनीषा, जबकि तरुण वर्ग की टीम में आयुष, श्वेता और प्रियंका शामिल थे। ये दोनों टीमें आगामी 15 व 16 अक्टूबर को प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बोकारो जाएंगी। अंग्रेजी विषय की प्रतियोगिता में



बच्चों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह।

विद्यालय की शिशु और तरुण वर्ग की टीमें ने तृतीय स्थान प्राप्त की। आशुवाचन प्रतियोगिता में छात्र तेजस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के सचिव संजीव रंजन सिंह और प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर आचार्य चंद्रभूषण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गौरी शंकर कामिला, उमेश कुमार, दिलीप कुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंह, गोविंद चौहान, सियाराम सिंह, संध्या सिन्हा, पूनम पाठक, नूतन सिंह, बसंती कुमारी और प्रीति तिर्की आदि उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** लापुंग के बिरमकेल की घटना, पहचान का फायदा उठाकर बनाया शिकार

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म पांच निरुद्ध, दो आरोपी को जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** थाना क्षेत्र में एक बालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इसके बाद लापुंग थाना के एसआई अभिनव कुमार सिन्हा ने त्वरित कर्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से दो आरोपितों को जेल भेज दिया। जबकि पांच निरुद्ध को बालसुधार गृह भेजा गया है। घटना 20 अगस्त की देर शाम सात बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक अनिरुद्ध नामक आरोपित की लड़की से पुरानी पहचान थी। वह बिरमकेल में मेहमानी में आया था। इसी का लाभ उठाकर उसने फोन कर पीड़िता को विरमकेल बड़काटॉड के पास बुलाया था। जहां पहले से मौजूद छह लड़के मौजूद थे। अनिरूद्ध के बुलावे पर नाबालिक लड़की पहुंच गई। वह उससे बात ही कर रही थी कि वे लोग लड़की को झाड़ी की ओर खिंच कर ले जाने की कोशिश करने लगे। लड़की ने जब मना किया तो जबरदस्ती करने लगे और उसे नग्न कर उसके साथ बारी-बारी से सातों आरोपितों ने दुष्कर्म किया। इसके बाद घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की धमकी देकर उसे छोड़ दिया। चेतावनी दी कि अगर उसने किसी को घटना की जानकारी दी, तो उसे जान से मार देंगें। हालांकि पीड़िता ने अपनी बड़ी बहन को बता दिया। इसके बाद लापुंग थाना में मामला दर्ज कराया गया। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच निरुद्ध किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया। जबकि आरोपिच दयानंद उरांव (20) और दशरथ उरांव (21) को जेल भेज दिया। दोनों डढ़हा गांव के रहने वाले हैं। वरिय पुलिस अधीक्षक व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश पर बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक व इंस्पेक्टर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर छापामारी की गयी थी। इसमें एसआई अभिनव कुमार सिन्हा, एएसआई कृपा सिंह के अलावा पुलिस के जवान शामिल थे।

## जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर मुखर रहें आजसू कार्यकर्ता: प्रकाश लकड़ा

अनगड़ा के पैका पंचायत में आजसू की बैठक, संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के पैका पंचायत में शुक्रवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विष्णु महतो ने की। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा भी थे। इस दौरान संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रचार करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रकाश लकड़ा ने कहा कि झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार जनता को झुठे सपने दिखाकर सत्ता पर काबिज होने में कामयाब हुई थी। चुनाव से पूर्व बेरोजगारों को रोजगार देने, बेरोजगारी भता देने, स्थानीय नियोजन नीति बनाने, महिला, गरीब-किसान, मजदूर आदि के कल्याणार्थ कई वायदे किए पर जनता से किया गया कोई भी वादा आज तक पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के सर्वागिंण विकास के लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की सोच और विजन को धरातल पर उतारकर ही राज्य का नवनिर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, प्रदीप महतो, बैजनाथ महतो, अनिता देवी, गोपाल महतो, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## रातू में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 1.32 लाख रुपये का लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ टीम गठित कर गुरुवार को क्षेत्र के हुरहुरी व मुरगू में छापामारी की गयी। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापामारी में हुरहरी में पांच व मुरगू में एक व्यक्ति बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इन लोगों पर एक लाख 32 हजार 448 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में हुरहुरी के मुदिन अंसारी पर 16556 रुपये, जावेद अख्तर पर 24,834 रुपया, अब्दुल खालिद पर 24,834 रुपया, अलाउद्दीन अंसारी पर 24,834 रुपया, जमाउद्दीन अंसारी पर 24,834 रुपया और मुरगू निवासी बासुदेव कुमार पर 16,556 रुपया का जुर्माना लगाया गया है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। वहीं, छापामारी दल में इटकी-बेडो के कनीय विद्युत अभियंता अशोक प्रिय, रातू के कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार, प्रवीण रजक, भीम कुमार आदि शामिल थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार को झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ के तत्वावधान में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव अशोक महतो ने दिव्यांगों के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग भी इसी समाज का हिस्सा है। इसलिए उन्हें उपेक्षित नहीं, बल्कि समाज में सम्मान से जीने का अधिकार है। इससे ध्यान में रखकर सरकार कई लाभकारी योजनाएं संचालित कर रही है। शिविर में दिव्यांगता के आधार पर कौन सा उपकरण दिया जाए इसका चयन कर ऑन लाइन पंजीकरण किया गया। उपकरण का वितरण 17 सितंबर को किया जाएगा। इस मौके पर दिघीया की मुखिया प्रबला केरकेट्टा, जरिया की मुखिया कुंवारी खलखो आदि मौजूद थीं।

## चान्हो में करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के सिलगाई स्थित पोटमा टिकरा बांध के निकट शुक्रवार को करंट लगने से 46 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान संदीप उरांव के रूप में हुई है। वह सिलगाई का ही रहने वाला था। जानकारी के अनुसार संदीप उरांव अहले सुबह अपने खेत में पटवन कर रहा था। तभी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

## ओरमांझी दुर्गा महादेव मंदिर में होगा अखंड हरि कीर्तन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर में 27 जुलाई से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होगा। ओरमांझी पूजा समिति की ओर से प्रखंड के कीर्तन मंडलीयों को आयोजन में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। यह जानकारी पूजा समिति की ओर से दी गई है। अखंड हरि कीर्तन के आयोजन में संरक्षक नंद गोपाल साहू, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, सचिव श्याम किशोर महतो, अध्यक्ष सत्य नारायण तिवारी ने ग्रामीणों से बढ़ चढ़कर भाग लेने का निवेदन किया है।

## ग्रामीणों ने बैठक कर एसएसपी से मिलने का लिया निर्णय

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गुडू कृषक उच्च विद्यालय में विगच दिनों छात्राओं पर हुए अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को मुखिया कुशल उरांव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें आरोपी चारों शिक्षकों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की गई। बैठक में शामिल सभी वक्ताओं ने घटना की निंदा की एवं आरोपी शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई को लेकर रांची के एसएसपी से मिलने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने यह भी निर्णय लिया कि विद्यालय में नए व अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस मौके पर इंद्रदेव महतो, शंकर कुशवाहा, अमृत महतो, शंभू महतो, नागेंद्र महतो, पारस महतो, सफीक अंसारी, अनिल गोप, रंजीत महतो, मदन महतो आदि उपस्थित थे।

## राजेश ठाकुर के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर कार्यकर्ताओं ने केक काट कर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने पर सोशल मीडिया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में जाकर केक काटा और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर टाटीसिलवे निवासी सह सोशल मीडिया रांची ग्रामीण के कोऑर्डिनेटर रामदेव सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल का दो साल बेमिशाल रहा है। उन्होंने अपने दो साल के कार्यकाल में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान दिया। जिसका परिणाम 2024 लोकसभा चुनाव में दिखेगा। देश की जनता महंगाई-बेरोजगारी से परेशान है। किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। जो आगामी चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए काफी है। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर गजेंद्र सिंह, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, झारखंड प्रदेश सेवा दल अध्यक्ष नेली नाथन, राकेश सिन्हा, विनय सिंह, प्रकाश तिवारी, केदार पासवान, सुषमा हेमरोम, राखी कौर, मुन्नी टोप्पो, दीपू, उज्जवल, सोनू, इमरान आदि मौजूद थे।

## महावीरनगर उमवि के चारदीवारी निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**खलारी (आजाद सिपाही)।** महावीरनगर उपरटोला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चारदीवारी निर्माण का स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्ति जतायी है। डीएमएफटी मद से रांची जिला परिषद से इसके चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। स्कूल के सामने से पहले से एक मैदान है। इसके बगल से मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क गुजरा है। साथ ही बीच में तीखा मोड़ है। ग्रामीणों का कहना है कि ऊंची चारदीवारी बनने के बाद मोड़ के दूसरी ओर से आने वाली गाड़ियों के चालक को सामने से आती गाड़ी दिखाई नहीं देगी, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होंगी। कहा गया कि स्थानीय ग्रामीण उक्त मैदान का इस्तेमाल करते थे। स्कूल के चारदीवारी में मैदान को घेर लेने से आने वाले दिनों में ग्रामीणों की मैदान से संबंधित सुविधा बंद हो जाएगी। इधर, बीडीओ लेखराज नाग ने बताया कि जिला अभियंता को ग्रामीणों की भावना से अवगत करा दिया गया है। जिला अभियंता में शनिवार को ही कनीय अभियंता को भेजकर समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया है।

## श्रृंगार पूजा का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय शिव मंदिर में शुक्रवार को श्रृंगार पूजा का आयोजन किया गया। पंडित हर्षवर्धन पांडेय के नेतृत्व में अमित महतो द्वारा पूजा अर्चना की गयी। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में कुशवाहा विजय कुमार महतो, दिवाकर शाही, रामसुंदर महतो व मनोज महतो सहित अन्य शामिल थे।

## शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** गर्ल्स हाई स्कूल में शुक्रवार को बच्चों के दृष्टि जांच के तहत बुंडू प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के एक-एक शिक्षकों को बच्चों के प्राथमिक दृष्टि जांच संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बुंडू प्रशिक्षण अनुमंडल अस्पताल के नेत्र पदाधिकारी सदानंद महतो ने प्रशिक्षण दिया। सभी छात्रों का पावर जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्मा दिया जाएगा।

## आजसू नेता भरत कांशी ने कार्यकर्ताओं के साथ नगड़ी प्रखंड के कई गांव का किया दौरा, सुनी लोगों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** आजसू के हटिया विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी भरत कांशी ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगड़ी प्रखंड के कई गांव का दौरा दिया। आमलोगों से मुलाकात कर गांव व लोगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। किसानों का हालचाल पूछा और पानी के अभाव में खेत में सूख रहे धान को लेकर चिंता व्यक्त की। किसानों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार से नगड़ी और रातू प्रखंड सहित रांची जिला को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। उधर, भरत कांशी नगड़ी शोक व्याप्त दो घरों में जा कर शोकाकुल परिजनों से मिले और उनका कुशल क्षेम जाना। इस मौके पर मौके पर अरविंद भगत, त्रिलोकी महतो, गुलरेज अंसारी, योगेंद्र महली, नवल किशोर महतो, अल्लाउदीन अंसारी, विवेक सिंह, पंचू कच्छप, राजकुमार केशरी, केदार केशरी, मुमताज अंसारी आदि मौजूद थे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में मना पौधरोपण दिवस

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा के मोहन नगर स्थित झारखंड पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा पद्यति 2020 की तीसरे वर्षगांठ को वृक्षारोपण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कई गणमान्य उपस्थित हुए। विद्यालय परिसर में कई तरहों के वृक्षों को लगाया गया। प्रधानाध्यापक सह निदेशक अभिषेक कुमार चौहान ने अतिथियों को पेड़ देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण दिवस और पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया।

इस मौके पर आरकेएमयू एनके एरिया सचिव सुनिल कुमार सिंह, एनके एरिया से ओमप्रकाश शर्मा, चूरी शाखा सचिव तपस्वी यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत रजक, नारयण साव, कार्तिक पाण्डेय, आनंद कुमार सिंह, अवधेश राय, रामेश्वर चैहान, सुनिल सिंह, जागीन चैहान, ज्योति चैहान, देवनारायण गंझू, बुटन चैहान, प्रेम कुमार, गोल्डेन प्रसाद यादव, पवन गुप्ता, विशाल कुमार, प्रवीण चैहान, बालेश्वर गंझू आदि उपस्थित थे।

**झारखंड तैलिक साहू सभा ने की 27 फीसदी आरक्षण व सत्ता में भागीदारी की मांग**

## तेली हित की बात करने वाले राजनीतिक दल को चुनाव में देंगें समर्थन: मदन साहू

आजाद सिपाही संवाददाता




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित तेली समाज के लोग।

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा की बैठक शुक्रवार को करमटोली स्थित प्रेस क्लब में हुई। इस दौरान आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संगठन के संरक्षक विजय साहू, दीपक कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव मदन साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, रांची जिलाध्यक्ष कुमार रोशन साहू, युवा प्रदेश महासचिव राजकिशोर साहू, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष साहू, प्रदेश सचिव संतोष नायक आदि ने संबोधित किया। संगठन के संरक्षक विजय साहू ने बातया कि अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का गठन 1912 में हुआ था। वर्तमान में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त छिरसागर है। झारखंड में चुनाव के बाद पहले निर्वाचित अध्यक्ष मुकेश कश्यप थे। वर्तमान में अध्यक्ष महेश महतो है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने प्रदेश कमेटी एवं 15 जिलों के संगठन के जिलाध्यक्षों की घोषणा की। मदन साहू ने कहा कि डुमरी चुनाव के बाद सभी प्रमंडल में प्रमंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसके बाद लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में तेली हित की बात करने वाले राजनीतिक दल को समर्थन दिया जायेगा। वहीं, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि झारखंड के 40 लाख तेली समाज की आबादी को सत्ता में राजनैतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। जबकि रांची जिलाध्यक्ष कुमार रोशन ने तेली समाज के विकास के लिए सरकार से जल्द से जल्द तेली घानी बोर्ड गठन की मांग की। साथ ही 27 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए आंदोलन तेज करने पर सहमति बनी। साहू सभा ने तेली समाज के अग्रणी व्यवसायियों की लगातार हत्या पर आक्रोश भी जताया। बैठक में संरक्षक विजय साहू, दीपक कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रधान महासचिव अधिवक्ता मदन कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, युवा प्रदेश महासचिव राजकिशोर साहू, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद आदि मौजूद थे।

## खूंटी के बाबा आम्रेश्वर धाम के श्रावणी मेले को 50 साल पूरे

स्वर्ण जयंती पर प्रबंध समिति के अधिकारियों ने दी उपलब्धियों की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** बाबा आमरेश्वर धाम में श्रावणी मेला के आयोजन को 50 वर्ष पूरे हो गए। इसके साथ ही धाम परिसर की देखरेख करने के लिए गठित बाबा आमरेश्वर धाम प्रबंध समिति के गठन के भी 50 साल पूरे हो गए। समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्रनाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, संस्थापक सदस्य रमेश मांझी, मुनी नाथ मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने धाम परिसर में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर समिति के कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्ष और महामंत्री ने बताया कि 1973 में बाबा आमरेश्वर धाम परिसर में श्रावणी मेले की शुरूआत हुई थी। उन्होंने कहा कि 1927 में जब खूंटी क्षेत्र का सर्वे हुआ, तो बिचना मौजा के नक्शा के सीट नंबर एक में प्लॉट नंबर 205 जिसका रकबा 0.5 एकड़ को शिव स्थान के नाम से अंकित किया गया है। खतियान में महादेव सोकड़ा के नाम का उल्लेख है। ग्रामीण इस स्थान पर पहले से ही पूजा-पाठ करते आ रहे थे। 1960 के दशक में आर साहू नामक बस के मालिक ने आम पेड़ के नीचे शिवलिंग को देख और दूसरे दिन वहां की साफ सफाई करकर पूजा-पाठ किया। धीरे-धीरे इसकी प्रसिद्धि फैलती गई और भक्तों की भीड़ यहां बढ़ने लगी। समिति की अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव और महासचिव मनोज कुमार ने बताया कि 1973 में खूंटी, तोरपा, मुरहू के लोगों ने मिलकर इस स्थान को विकसित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया जिसका नाम रखा गया श्री श्री 1008 अंगराबारी भोलेबाबा। उसी वर्ष से यहां श्रावण माह में मेला और हरि कीर्तन का शुभारंभ हुआ। 1973 में सारा कार्यक्रम तिरपाल क नीचे आयोजित किया गया। समिति के पहले अध्यक्ष बने खूंटी के वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद चंद्र महतो उर्फ फत्तू और महामंत्री महेश मिश्रा। फत्तू बाबू के बाद आशुतोष भगत अध्यक्ष बने और बाद में लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव जो वर्तमान में अध्यक्ष है और 1978 से इसका दायित्व संभाल रहे हैं। महेश मिश्रा के बाद 1985 में सुरेंद्र कुमार मिश्रा समिति के महामंत्री बने। 2020 में उनके निधन के बाद मनोज कुमार समिति के महामंत्री बने। बताया गया कि 1979 में इस बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती आए थे। उन्होंने श्री श्री 1008 अंगराबारी भोलेबाबा का नाम आम्रेश्वर बाबा किया। समिति का नाम भी बदलकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति हो गया। 1983 में यहां नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई। 1983 में माता पार्वती मंदिर, 1985 में श्री राधाकृष्ण मंदिर, 1987 में काली मंदिर और 2007 में यहां की शान दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 2018 में शनि देव मंदिर का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि धाम परिसर के विकास में लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व विधायक पौलुस सुरीन सहित जिला प्रशासन का भी काफी सहयोग मिला। बताया गया कि क्षेत्र भक्तों की सुविधा के लिए दो बड़े-बड़े शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही विवाह मंडप, कीर्तन मंडप, पांच छोटी-बड़ी धर्मशाला, बच्चों के लिए पार्क, तालाब, कुआं आदि का निर्माण समिति द्वारा कराया गया है। मौके पर सत्यजीत कुंडू, अरूण कर, आनंद वर्मा, महेंद्र भगत, संतोष पोद्दार, महेंद्र अग्रवाल, प्रेमचंद महतो आदि मौजूद थे।

# उर्दू किसी धर्म या जाति की नहीं, बल्कि भारत की भाषा : हाजी

## जिले के 49 उर्दू विद्यालयों का स्वरूप पूर्व की भांति बहाल हो : अशफाक अहमद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के माली मोहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी पलामू के कार्यालय में अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी उमैर खान और अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि को तंजीम द्वारा शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। तंजीम द्वारा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी को ज्ञापन देकर पलामू जिले में हटाए गए 49 उर्दू विद्यालयों का नाम पूर्व की भांति यथावत रखने




का आग्रह किया गया। तंजीम के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा 49 विद्यालयों का नाम हटाकर सामान्य विद्यालय कर दिया गया है, जबकि हटाए गये सभी उर्दू विद्यालय 2010 के बहुत पहले से संचालित हैं। यह विभागीय आदेश किसी दृष्टिकोण से न्यायसंगत नहीं है। साथ ही शिक्षा विभाग की इस तुगलकी फरमान से समाज के एक वर्ग विशेष में बहुत ही आक्रोश एवं असंतोष की भावना व्याप्त है। इस प्रकार के अहितकर विभागीय आदेश से वर्तमान सरकार की धर्मनिरपेक्ष छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष हाजी मंजूर अंसारी ने कहा कि कमेटी पूरे झारखंड का दौरा कर रही है। और इसी संबंध में पलामू का भी दौरा हुआ है। तथा यहां की समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने तंजीम के क्रियाकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि तंजीम बेहद संवेदनशील और जनहित का मुद्दा लेकर संघर्ष कर रही है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि उर्दू विद्यालय संबंधी समस्याओं का समाधान हम लोग जल्द राज्य स्तर पर निकलेंगे। उन्होंने कहा कि उर्दू किसी धर्म या जाति की नहीं बल्कि भारत की भाषा है।

### उमैर खान ने कहा कि जल्द ही पलामू सहित पूरे राज्य में उर्दू विद्यालय पूर्व की भांति बहाल होंगे

इस सभा को पलामू प्रमंडल कांग्रेस प्रभारी गुलरेज अख्तर अंसारी, तंजीम के सचिव नसीम अहमद, मानव अधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सह कांग्रेस पलामू के महासचिव अनवर अहमद अंसारी, हाजी मुमताज अली ने संबोधित किया। सभा का संचालन शायर हाजी अमीन रहबर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन तंजीम के सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। सभा का संचालन शायर हाजी अमीन रहबर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन तंजीम के सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी द्वारा किया गया।

# शैक्षणिक अराजकता के संबंध में प्रभारी प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता के संबंध में कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सियूइटी के छात्रों का नामांकन नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से मांग किया कि सियूइटी के छात्रों का नामांकन हेतु दो दिनों का अतिरिक्त समय महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों को दिया जाए ताकि उनका नामांकन सुनिश्चित हो सकें। महाविद्यालय में जमें कचरे को महाविद्यालय प्रशासन अभिलंब साफ-सफाई कराएं, महाविद्यालय के सभी कक्षाओं में पंखा एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था अभिलंब महाविद्यालय प्रशासन सुनिश्चित करें, महाविद्यालय में पूछताछ केंद्र की स्थापना की जाए ताकि छात्रों को सहूलियत मिल सके, महाविद्यालय के लैब में किसी भी प्रकार की सुविधा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे महाविद्यालय प्रशासन अभिलंब ठीक करें, सभी विभागों के खुलने और बंद होने का समय सुनिश्चित किया जाए,जंतु विज्ञान के विद्यार्थियों का आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा का अंक और उपस्थिति प्रपत्र विश्वविद्यालय को भेजा जाए ताकि परिणाम अभिलंब निकाला जा सकें। उक्त अवसर पर नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य के कारण महाविद्यालय गर्त में जाता दिख रहा हैं। नामांकन के समय भी महाविद्यालय में प्राचार्य छुट्टी लेकर गौन हैं। महाविद्यालयों में दलालों का अड्डा जमा हुआ है एवं नामांकन के नाम पर छात्रों से अनावश्यक पैसे की उगाही की जाती है जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

प्रांत खेलकूद प्रमुख अभय वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय की भवन टूटी हुई है ऐसे में किसी बड़े घटना के होने की संभावना हैं। महाविद्यालयों में न बैठने की समुचित व्यवस्था हैं,ना पानी पीने की व्यवस्था है। महाविद्यालय प्रशासन छात्रों को मूलभूत सुविधा देने में भी असमर्थ है।

# सड़क किनारे कूड़ा-कचड़ा फेंकने से राहगीरों, वाहन चालकों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना: धीरज मिश्रा

## सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने नगर निगम के आयुक्त से सड़क किनारे जमा किये गये कूड़ा-कचड़ा के उठाव का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने गढ़वा शाहपुर सड़क किनारे नगर निगम द्वारा कूड़ा कचरा का ढेर जमा किए जाने के कारण उस सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को हो रही काफी परेशानियों के कारण नगर



निगम के आयुक्त से मीडिया के माध्यम से समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जमा किए गए कूड़ा कचरा का ढेर हटवाने का आग्रह किया है। धीरज मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गढ़वा शाहपुर मुख्य सड़क के किनारे डालटनगंज शहर का कूड़ा कचरा फेके जाने के कारण कचरा से निकल रहे दुर्गंध के कारण राहगीरों का उस सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। कचरा का ढेर जमा होने के कारण दिन भर दर्जनों जानवरों गाय कुता द्वारा जमा कूड़ा कचरा खाने के लिए सड़क पर जमा होने के कारण वाहन चालकों को भी वाहन चलाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कचरा खाने के लिए जमा हुए जानवरों के झुंड द्वारा बीच सड़क पर आपस में लड़ते रहने के कारण सड़क पर मुसाफिरों को दुर्घटना का निमंत्रण दे रहा है। बरसात होने के कारण कूड़ा कचरा भींग जाने से कचरा से निकलने वाली बदबू दुर्गंध के कारण लोगों में और कूड़ा कचरा खाने के कारण जानवरों में भी बीमारी फैलने का भी प्रबल आशंका है। मिश्रा ने कहा कि पहले उस सड़क के किनारे कूड़ा कचरा का ढेर जमा नही कर-के सड़क के अंदर से गुजरने वाले बड़ा सा फील्ड में कूड़ा जमा किया जाता था।

इसलिए सड़क किनारे जमा किए गए कचरा का ढेर को अविलंब हटाया जाए जिससे राहगीरों को सड़क से गुजरने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।

# सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का हुआ वितरण

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में डीलर विनोद कुमार के जन वितरण प्रणाली दुकान पर लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना



के तहत शुक्रवार को धोती साडी और लुंगी का वितरण किया गया। कादार्धारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी और समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। विजय कुमार रवि ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। पूनम देवी ने बताया कि 340 साड़ी, 240 धोती और 136 लोगों को लूंगी दिया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# नवयुवक गणपति सेवा समिति का हुआ पुनर्गठन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नवयुवक गणपति सेवा समिति हरिहरगंज ने बुधवार की देर शाम गणेश चतुर्थी पूजा मनाने को लेकर थाना स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में एक आवश्यक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बंटी गुप्ता ने किया। जिसमे सभी के सर्व सहमति से समिति का पुर्नगठन किया गया। ईसमे अध्यक्ष रिशु गुप्ता, सचिव पंकज कुमार, कोषध्यक्ष अमित गुप्ता (अंकित),व्यस्थापक बंटी गुप्ता, उपाअध्यक्ष कन्हाई विश्वकर्मा, उपसचिव कुणाल कुमार, उपकोषध्यक्ष कमलदीप विश्वकर्मा, सांस्कृतिक मंत्री हिमांशु गुप्ता, सतेंद्र साह, पूजा मंत्री सौरभ पाठक, गोलू कुमार, संगम यादव, पंडाल मंत्री छोटू गुप्ता, चितरंजन गुप्ता, प्रसाद मंत्री अंकित चंद्रवंशी, सजावट मंत्री शशांक शेखर, निगरानी सदस्य विशाल गुप्ता, तुषार कुमार, रौनित कुमार,जुलूस प्रभारी श्याम पासवान, प्रियांशु जयसवाल, सत्यम जयसवाल आदि लोगों को गणेश चतुर्थी पूजा को सफल बनाने की जिम्मेवारी दी गयी।

# शहीद अमित के परिवार से मिल ब्रजेंद्र पाठक ने दी सांत्वना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए पलामू जिले के तोलरा ग्राम निवासी शहीद सबइंस्पेक्टर अमित तिवारी के परिजनों से भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र पाठक ने उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहीद सबइंस्पेक्टर के माता-पिता से मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार का ढ़ाढस बंधाया और सांत्वना दिया। पाठक ने कहा कि ऐसे वीर सपूत सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं और उनकी शहादत से



पलामू की धरती और पूरे पलामू की जनता कृतज्ञत है। ऐसे समय में जब पूरा भारत देश अपनी आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी में था उस घड़ी में स्वर्गीय तिवारी ने मां भारती के सेवा में अपने प्राण को न्योवछावर करके देशवासियों को भावविभोर कर दिया। उन्हें खोना एक अपूर्णीय क्षति है लेकिन जाते जाते उन्होंने देश के इतिहास में पलामू एवं गढ़वा के नाम को अमर कर दिया। पाठक ने कहा कि जब वह शहीद अमित तिवारी के परिजनों से मिले तो उन्होंने उनके परिजनों की आंखों में गर्भ की एक अद्भुत चमक देखी। हालांकि उनके माता पिता ने जो खोया है उसकी भरपाई किसी भी जीवन में नहीं की जा सकती लेकिन मैं हर समय और हरसंभव सहायता के लिए उनके परिवार वालों के साथ खड़ा रहूंगा। बताते चलें की इस दौरान पाठक के साथ भाजपा गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद और आनंद मोहन तिवारी के साथ अन्य बड़ी संख्या में लोगों ने शहीद सबइंस्पेक्टर अमित तिवारी जी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एंटीक्राइम और सड़क सुरक्षा जांच अभियान के तहत 15 बाइक जब्त

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस ने शुक्रवार को थाना स्थित अंतरराज्यीय चेक नाका पर पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह के नेत्तृत्व मे एसआइ निरंजन कुमार सिंह ने



एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दो पहिया, तीन पहिया तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर जांच की गई।इस दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का अनदेखा करने वाले बाइक सवार के विरुद्ध 15 बाइक को जब्त कर जुमार्ना लगाया गया। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना दो पहिया वाहन नहीं चलावें आगे भी कार्रवाई होती रहेगी।

# संत तुलसीदास ने अनेक ग्रंथों की रचना की : कृष्णकांत

### प्रांतीय स्तर के निबंध, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के सभागार में युगदृष्टा व रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, राजकुमार सिंह ने मां सरस्वती, भारत माता, चराचर जगत में व्याप्त ऊं तथा गोस्वामी



तुलसीदास के चित्र के समक्ष संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने उनके दोहे के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि धर्म दया भावना से उत्पन्न होता है और अभिमान जो सिर्फ पाप को ही जन्म देता है। जब तक मनुष्य के शरीर में प्राण रहते हैं तब तक मनुष्य को दया भावना कभी नहीं छोड़नी चाहिए। विद्यालय के भैया-बहनों ने मनमोहक भजन के साथ-साथ भाषण प्रस्तुत कर अपनी भावनाएं प्रकट की तथा दोहा और राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि तुलसीकृत रामचरितमानस सभी हिंदू घरों का धरोहर है। इसका नियमित पाठ करने से सकल दोष और दुःख का निवारण होता है।

इस अवसर पर विद्या भारती द्वारा विद्यालय में प्रांतीय स्तर के निबंध, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक पाण्डेय, राजेश्वर सिंह यादव, शशि कुमार, संजय सिन्हा, अजय कुमार, कमलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अरुणा पाण्डेय, प्रचार प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग की

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रांची जाकर मुलाकात की। पांडेय ने आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर को अपना मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ऋषि पांडेय ने बिश्रामपुर नगर परिषद



क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग रखी है। पांडेय ने बताया कि पार्क निर्माण हेतु दो करोड़ की राशि भी विभाग द्वारा नगर परिषद को दिया गया है। लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के चलते पार्क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार के स्तर से बिश्रामपुर सीओ को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाना चाहिए। ताकि पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो सके। ऋषि पांडेय ने कहा कि पार्क के निर्माण हो जाने से बिश्रामपुर नगर परिषद की सुंदरता बढ़ेगी। आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर ने पांडेय को आश्वस्त किया कि इस दिशा में राज्य सरकार जल्द ही सकारात्मक पहल करेगी। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया जायेगा।

# स्पोर्ट्स



दूसरे वनडे में 1 विकेट से जीता पाकिस्तान: अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त ली , गुरबाज का शतक काम न आया

# दूसरे वनडे में 1 विकेट से जीता पाकिस्तान: अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त ली, गुरबाज का शतक काम नहीं आया

### जादरान 80 रन बना कर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने 29 रन और राशिद खान ने 2 रन बनाए।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान को एक विकेट से हराया। इस जीत से टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 26 अगस्त को कोलंबो में खेला जायेगा। श्रीलंका के



हंबनटोटा में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को 301 रन का टारगेट दिया। जवाब में पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 49.5 ओवर में 9 विकेट पर जीत हासिल कर ली। नसीम शाह ने आखिरी ओवर की 5वी बॉल पर चौका लगाकर अपनी टीम को मैच जिताया। आगे पढ़िए मैच रिपोर्ट...

### ओपनर्स के बीच हुई 227 रन की पार्टनरशिप

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज (151 रन) ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने इब्राहिम जादरान के साथ 227 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। जादरान 80 रन बना कर आउट हुए। मोहम्मद नबी ने 29 रन और राशिद खान ने 2 रन बनाए। शहीदुल्लाह 1 रन बनाकर आउट हुए। टीम के कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 15 रन और अब्दुल रहमान 4 रन बना कर नॉटआउट रहे। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके।

## नीरज चोपड़ा पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 88.77 मीटर जेवलिन थ्रो किया, टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोवर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 के क्वालिफाइंग राउंड में शुक्रवार को 88.77 मीटर थ्रो किया। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में भी जगह पक्की कर ली है। पेरिस ओलिंपिक की शुरूआत 26 जुलाई 2024 से होगी। वहीं, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का फाइनल 27 अगस्त यानी रविवार को खेला जायेगा। चोपड़ा ने अब तक एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गोल्ड नही जीता है। हंगरी के बुडापेस्ट में जारी वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज ने क्वालिफाइंग राउंड के अपने पहले प्रयास में ही 88.77 मीटर थ्रो किया, जो उनका सीजन का बेस्ट भी है। चोपड़ा ने इसी साल मई में दोहा डायमंड लीग में अपने पिछले सीजन का बेस्ट 88.67 मीटर हासिल किया था। ओलिंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के अलावा 25 साल के नीरज चोपड़ा डायमंड लीग चैंपियन भी हैं। पाकिस्तान के अर्शद नदीम ने ग्रुप बी में अपने सीजन बेस्ट 86.79 मीटर के थ्रो के साथ ओवरऑल दूसरे नंबर पर फिनिश किया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
11

# ग्रामीण विकास मंत्री से मिले मुखिया प्रतिनिधि, सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड प्रखंड के शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत को 15वें वित्त की राशि कम मिलने के मामले को लेकर मुखिया प्रतिनिधि मो मुस्तकीम ने झारखंड के संसदीय कार्य व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से रांची स्थित उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया की जनसंख्या के हिंसाब से शिब्लीबाड़ी उत्तर पंचायत को 15वें वित्त की समूचित राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिस कारण विकास कार्य बाधित हो गया है। शिब्लीबाड़ी उत्तर पंचायत में दो पंचायत समिति एवं 16 वार्ड सदस्य है। क्षेत्रफल भी काफी बड़ा है। 15वें वित्त मद की राशि कम मिलने से समूचित विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। पंचायत के लोगों की शिकायत है की मुखिया विकास के कामों में उनकी अनदेखी कर रही है। मगर विकास के कामों को कैसे किया जाए इसको लेकर मुखिया हमेशा तत्पर रहती है। इस पर मंत्री ने पत्र जारी कर मामले में तुरंत जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया है। मो मुस्तकीम ने यह भी बताया कि मंत्री जी को मामले से अवगत कराने के बाद यकीन है की अब पंचायत को जनसंख्या के हिसाब से राशि मिलेगी। जिससे पंचायत में विकास का काम भी सही तरीके से हो सकेगा। इस मौके पर मो मसूद आलम, मो साबिर खान, शमशाद आलम, इम्तियाज हुसैन, रेहान अहमद, अबुनशे राजू मौजूद थे।

# जूडो में कांस्य पदक जीतने पर निकिता कुमारी को स्कूल में किया गया सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कक्षा 8वीं की छात्रा निकिता कुमारी को जूड़ो में कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। बोकारो जूडो एसोसिएशन की ओर से विगत 19-20 अगस्त को पांचवा बोकारो जिला जूडो चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें डीएवी-6 की छात्रा निकिता ने बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने शुक्रवार को प्रार्थना सभा में निकिता को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में सीखने व समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। सम्मान समारोह में शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, राजेश, मनोज कुमार मिश्रा, प्रशांत कुमार, स्वरूप कुमार नाथ, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि उपस्थित उपस्थित थे।

# लोयाबाद सार्वजनिक दुगार्पूजा कमेटी की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद सार्वजनिक दुगार्पूजा कमेटी की बैठक शुक्रवार को कोलियरी प्रांगण में हुई। जिसमें लोगों के सुझाव व विचार के बाद पुरानी कमेटी को ही इस वर्ष के लिए भी सर्वसम्मति से पुनः अधिकृत कर पूजा सम्पन्न कराने की जिम्मेवारी सौंपी गयी। पूजा कमेटी के सचिव विजेंद्र पासवान द्वारा पिछले वर्ष का आय-व्यय का व्यौरा पेश किया गया। अंत में सभी ने धूमधाम से पूजा सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता पीओ अनिल सिंह, संचालन मुकेश पासवान ने किया। इस मौके परप्रबंधक संजय नंदा, अभियंता तरूण कुमार, मुस्लिम कमेटी के सदर इम्तियाज अहमद, सर्वेयर अरविंदो घोष, पूजा कमेटी सचिव विजेंद्र पासवान, जयप्रकाश पांडेय, सोहन महतो, रवि चौबे, एसएस प्रसाद, सुनील पांडेय, राजेंद्र पासवान, सोमेन घोष, पुतुल झा, सुरेश यादव,अभिमन्यू नोनियां और गणेश पासवान आदि मौजूद थे।

# धनबाद युवा कांग्रेस के महासचिव का निधन, शोक



**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला युवा कांग्रेस के महासचिव जितेंद्र मोदक का शुक्रवार को दुगार्पुर मिशन अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से ब्रेन हेमरेज के कारण इलाजरत थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए। वे बहुत मृदुभाषी व मिलनसार के साथ ही कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता और झरिया थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य भी थे। उनके असमायिक निधन से झरिया में शोक की लहर छा गई। उनके पार्थिव शरीर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी आदि ने पार्टी का झंडा ओढ़ा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि जितेंद्र मोदक की असमय मृत्यु आत्मा को झकझोर दिया है। वे धनबाद कांग्रेस के पिलर थे। पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति हैं। वहीं, रत्नेश यादव, महेश शर्मा, शिक्षाविद संजय पाठक, अशोक बरनवाल, दीपक शर्मा, राकेश पासवान और कृष्णा पटेल आदि ने मृतक पार्टी नेता को श्रद्धांजलि दी।

# सिंदरी डीएसपी व पुलिस की मौजूदगी में अदा की गयी झरिया के जामा मस्जिद में जुमे की नमाज

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों झरिया में असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक उन्नमाद फैलाने की नाकाम कोशिश के बाद शुक्रवार को अमलापाड़ा स्थित जामा मस्जिद में पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच जुमे की नामज अदा की गई। मस्जिद तक पहुंचने वाले हर गली चौक चौराहे पर पुलिस बल तैनात थे। जहां धार्मिक नारे लगाए गए थे वहां पहले से बैरिकेडिंग कर दिया गया था। इस दौरान घनुडीह,तीसरा, लोदना थानों की पुलिस के अलावा सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार खुद मुस्तैद दिखे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (जिला भू–अर्जन शाखा)

## प्रपत्र–VI, समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## प्रारंभिक अधिसूचना
## (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना सं0:–815/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांकः– 19.08.2023

चुंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न हैः–

हजारीबाग जिला के बड़कागॉव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना गोन्दुलपारा कोयला खान में रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि इस गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का स्थल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं प्रस्तावित गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अदाणी इन्टरप्राईजेज लि0 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA, दिनांक 08.03.2021 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेषण केन्द्रिय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नही किया जा सकता है। इस प्रकार प्रस्तावित विस्थापन को कम नही किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एंव सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती है। प्रस्तावित परियोजना का परिचालन लम्बी अवधि के लिए होगा। परियोजना से प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से लगभग अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रारंभिक चरण में प्रस्तावित विकास का परिचालन चरण एक से दूसरे अवसर को जन्म देगा। जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन से संबंधित कौशल (जैसे ड्राईविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होगें। सामुदायिक विकास परियोजनाओं को और अधिक सुदृढ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलना में संभावित लाभ अधिक है।

भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार 781 है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 359 | 39 | 539 | नीज | टांड –I | 0.1800 | चौधरी गोप, हरिचरण गोप पिता स्व0 शिवल गोप वो नन्दकिशोर यादव पिता स्व0 प्रयाग गोप, शुकर गोप पिता स्व0 बुलाकी गोप वो जयपाल गोप, विकाश गोप, प्यरी गोप, देवप्रकाश गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो शंभु गोप, परमेश्वर गोप, धनेश्वर गोप हेमन गोप, बिरण गोप पिता स्व0 ज्ञानी गोप वो बासुदेव गोप पिता स्व0 महाबीर गोप साकिन देह। | प्लॉट –535 | प्लॉट –538 | प्लॉट –537 | प्लॉट –540 |
| 360 | 7 | 540 | नीज | धान –III | 0.2000 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप उर्फ किटु गोप वो उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता जागो गोप साकिन देह। | प्लॉट –535 | प्लॉट –541 | प्लॉट –539 | प्लॉट –535 |
| 361 | 34 | 541 | नीज | धान –III | 0.1900 | रघुनन्दन महतो वो सुमेर महतो माता स्व0 बिलास देवी एवं पिता पुरन महतो वो सोमरी देवी पति दुर्जन महतो वो झमन महतो वो काशी महतो वो झमन महतो वो अनील कुमार माता स्व0 अघनी देवी एवं पिता कारू महतो वो गंगा देवी पति देवनाथ महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –540 | प्लॉट –545 | प्लॉट –538 | प्लॉट –542 |
| 362 | 59 | 542 | नीज | खलिहान | 0.0500 | ललवा गोप, भदवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दसय गोप, किशोर गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पिता स्व0 रामधनी गोप सा0 देह। | प्लॉट –535 | प्लॉट –545 | प्लॉट –541 | प्लॉट –544 |
| 363 | 23 | 543 | नीज | खलिहान | 0.0300 | बिगन तुरी पिता स्व0 हरदयाल तुरी वो गुरूदयाल तुरी पिता स्व0 जीरवा तुरी वो सुदामा तुरी, कोमल तुरी, जीतन तुरी पिता स्व0 अमर तुरी वो सहदेव तुरी, अशोक तुरी गणेश तुरी, सुनील पिता स्व0 पुसन तुरी वो रघु तुरी वो ईश्वर तुरी, चेतलाल तुरी, रमेश तुरी पिता स्व0 किशुन तुरी वो जगदेव उर्फ वकील तुरी, बिन्दु तुरी, नारायण तुरी, छोटे तुरी, बलदेव तुरी पिता स्व0 जदु तुरी वो चमन तुरी वो लटन तुरी पिता स्व0 जगन तुरी वो बासुदेव तुरी पिता स्व0 मगन तुरी वो दशमी देवी पति उगन तुरी वो कोल्हा तुरी पति स्व0 गंदौरी तुरी वो भीखारी तुरी वो रामधनी तुरी पिता हिरवा तुरी निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –535 | प्लॉट –544 | प्लॉट –542 | प्लॉट –435 |
| 364 | 9 | 544 | नीज | खलिहान | 0.0500 | महेश राणा वो भूनेश्वर राणा पिता स्व0 बिगन राणा वो देवा राणा वो लक्ष्मण राणा वो धनी राणा वो मीठु राणा वो महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा वो कोमल राणा वो तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा वो हिरू राणा वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकल राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रीझन राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट –543 | प्लॉट –561 | प्लॉट –542 | प्लॉट –561 |
| 365 | 49 | 545 | नीज | धान –III | 0.0700 | मोशोमात मेघनी भूईनी जौजे बुधन भूईयां कॉम भूईयां साकिन देह। | प्लॉट –541 | प्लॉट –546 | प्लॉट –546 | प्लॉट –544 |
| 366 | 2 | 546 | नीज | धान –I | 0.9700 | अन्दु महतो वो रामचरण महतो वो बालेश्वर महतो पिता दुखी महतो वो सहजु महतो पिता बाना महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –538 | प्लॉट –548 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 367 | 2 | 546/I | नीज | धान –I | 0.9200 | ज्योति जलधर महतो पिता गोवर्धन महतो वो मनोज विहारी पिता नागेश्वर महतो वो प्रमेश्वर महतो वो घुजा महतो वो बसंत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –538 | प्लॉट –548 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 368 | 2 | 546/II | नीज | धान –I | 0.4800 | नन्हकु महतो महाबीर महतो बरजु महतो पिता चेतल महतो अंश समान जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट –538 | प्लॉट –548 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 369 | 29 | 547 | नीज | धान –II | 0.2200 | दयाल राणा वो फुटानी राणा वो गोबिन्द राणा वो रामेश्वर राणा पिता सोना राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –546 | प्लॉट –548 | प्लॉट –548 | प्लॉट –561 |
| 370 | 49 | 548 | नीज | धान –III | 0.2300 | मोशोमात मेघनी भूईनी जौजे बुधन भूईयां कॉम भूईयां साकिन देह। | प्लॉट –546 | प्लॉट –549 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 371 | 49 | 548/I | नीज | धान –III | 0.2600 | दयाल राणा, फुटानी राणा, गोबिन्द राणा, रामेश्वर राणा पिता स्व0 सोना राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –546 | प्लॉट –549 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 372 | 49 | 548/II | नीज | धान –III | 0.2700 | ज्योति जलधर महतो पिता गोवर्धन महतो वो मनोज विहारी पिता नागेश्वर महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –546 | प्लॉट –549 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 373 | 29 | 549 | नीज | टांड –II | 0.4000 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट –548 | प्लॉट –550 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 374 | 29 | 549/I | नीज | टांड –II | 0.1900 | अन्दु महतो वो रामचरण महतो वो बालेश्वर महतो पिता दुखी महतो वो सहजु महतो पिता बाना महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –548 | प्लॉट –550 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 375 | 48 | 550 | नीज | धान –III | 0.9700 | भेखल महतो वो मानिक महतो वो सहेश्वर महतो पिता स्व0 जगन महतो वो हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार सुमन वो बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हकु महतो वो मो0 ईन्दु पति स्व0 मुरली महतो लोकन महतो पिता स्व0 डोमन महतो, प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो वो गणेश महतो पिता भुखल महतो वो हीरा महतो वो घुजा महतो पिता चान्दो महतो, रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो चरका महतो पिता जीवलाल महतो वो भूनेश्वर महतो वो मोहानी महतो वो केदार महतो वो कुमर महतो पिता स्व0 कोल्हा महतो वो मटुकधारी कुमार दांगी वो रामसेवक महतो पिता करम महतो वो चान्दो देवी पति स्व0 रेवा महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 धंगरू महतो वो सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो पंचम कुमार वो रविन्द्र कुमार पिता स्व0 लक्ष्मण महतो वो तालेश्वर महतो वो किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –549 | प्लॉट –552 | प्लॉट –551 | प्लॉट –561 |
| 376 | 5 | 551 | नीज | धान –III | 0.5100 | आन्दु महतो रामचरण महतो बालेश्वर महतो पिता स्व0 दुखी महतो वो सहजू महतो पिता स्व0 बाना महतो साकिन देह। | प्लॉट –537 | प्लॉट –552 | प्लॉट –727 | प्लॉट –546 |
| 377 | 84 | 552 | नीज | धान –I | 0.8500 | विश्वजीत चक्रवर्ती वो अनील चक्रवर्ती वो आशित कुमार चक्रवर्ती पिता गोपाल चन्द्र चक्रवर्ती निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 378 | 84 | 552/I | नीज | धान –I | 0.2800 | मिथुन कुमार राणा पिता अर्जुन राणा निवास ग्राम लूपुंग, बड़कागॉव हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 379 | 84 | 552/II | नीज | धान –I | 0.0400 | उपेन्द्र कुमार राणा पिता पोखन राणा निवास ग्राम नयाटांड, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 380 | 84 | 552/III | नीज | धान –I | 0.0400 | मुकेश कुमार राणा पिता पोखन राणा निवास ग्राम नयाटांड, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 381 | 84 | 552/IV | नीज | धान –I | 0.2000 | गुड़िया कुमारी पिता अरूण कुमार निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 382 | 84 | 552/V | नीज | धान –I | 0.2000 | कौशल्या देवी पति गणेश शर्मा निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 383 | 84 | 552/VI | नीज | धान –I | 0.2000 | बसंती देवी पति महेन्द्र राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 384 | 84 | 552/VII | नीज | धान –I | 0.2000 | संजु देवी पति सुनील कुमार निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 385 | 84 | 552/VIII | नीज | धान –I | 0.2000 | मधु कुमारी पति सचिन कुमार निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 386 | 84 | 552/IX | नीज | धान –I | 0.1200 | कविता देवी पति दिपेश्वर महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 387 | 84 | 552/IX | नीज | धान –I | 0.2800 | रंजीत कुमार राणा पिता अर्जुन राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा, बड़कागांव, हजारीबाग। | प्लॉट –550 | प्लॉट –554 | प्लॉट –727 | प्लॉट –561 |
| 388 | 31 | 553 | नीज | धान –III | 0.6100 | डोमन महतो पिता स्व0 प्रसाद महतो वो धानेश्वर महतो, मनेश्वर महतो उर्फ खिरोधर महतो, मुकेश महतो पिता स्व0 खेला महतो वो पुरन महतो, लुटन महतो पिता स्व0 पदुम महतो, प्रदीप महतो, फागु महतो, रोहित महतो स्व0 भोगल महतो, गुदवा महतो उर्फ उमेश महतो, जयप्रकाश महतो पिता स्व0 जादो महतो वो मुटुकधारी महतो, नारायण महतो पिता स्व0 प्रीतम महतो वो जानकी महतो पिता स्व0 रीतु महतो वो पंचम महतो अघनु महतो उर्फ नन्दकिशोर महतो पिता स्व0 नागो महतो वो अमेरिका महतो, मोहर महतो पिता स्व0 सनु महतो वो भगड़ू महतो पिता स्व0 बिगन महतो साकिन देह। | प्लॉट –552 | प्लॉट –552 | प्लॉट –727 | प्लॉट –552 |
| 389 | 31 | 554 | नीज | धान –III | 0.2400 | डोमन महतो पिता स्व0 प्रसाद महतो वो धानेश्वर महतो, मनेश्वर महतो उर्फ खिरोधर महतो, मुकेश महतो पिता स्व0 खेला महतो वो पुरन महतो, लुटन महतो पिता स्व0 पदुम महतो, प्रदीप महतो, फागु महतो, रोहित महतो स्व0 भोगल महतो, गुदवा महतो उर्फ उमेश महतो, जयप्रकाश महतो पिता स्व0 जादो महतो वो मुटुकधारी महतो, नारायण महतो पिता स्व0 प्रीतम महतो वो जानकी महतो पिता स्व0 रीतु महतो वो पंचम महतो अघनु महतो उर्फ नन्दकिशोर महतो पिता स्व0 नागो महतो वो अमेरिका महतो, मोहर महतो पिता स्व0 सनु महतो वो भगड़ू महतो पिता स्व0 बिगन महतो साकिन देह। | प्लॉट –552 | प्लॉट –556 | प्लॉट –727 | प्लॉट –555 |
| 390 | 31 | 554/I | नीज | धान –III | 0.1900 | रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो चरक महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –552 | प्लॉट –556 | प्लॉट –727 | प्लॉट –555 |
| 391 | 36 | 555 | नीज | टांड –III | 0.3600 | रामेश्वर महतो, अकलु महतो, चरका महतो पिता स्व0 जीवलाल महतो वो कोल्हा महतो, धमक महतो पिता स्व0 कृति महतो वो नागो महतो चतुर महतो, पुशन महतो, ईश्वरी महतो पिता स्व0 शिबन महतो कारू महतो, छटु महतो, लंगर महतो पिता स्व0 तेजा महतो वो डुमन महतो, जुगल महतो, रोशन महतो पिता स्व0 तिलक महतो वो सुमेर महतो, रघुनन्दन महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो त्रिवेणी महतो, अर्जुन महतो, कारू महतो,...................... पिता स्व0 हसराम महतो साकिन देह। | प्लॉट –552 | प्लॉट –558 | प्लॉट –556 | प्लॉट –561 |
| 392 | 29 | 556 | नीज | धान –III | 0.1300 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट –554 | प्लॉट –558 | प्लॉट –557 | प्लॉट –555 |
| 393 | 29 | 557 | नीज | धान –III | 0.2100 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट –554 | प्लॉट –558 | प्लॉट –719 | प्लॉट –556 |
| 394 | 69 | 558 | नीज | धान –III | 0.8400 | कैला गोप पिता कोल्हा गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –556 | प्लॉट –559 | प्लॉट –561 | प्लॉट –561 |
| 395 | 43 | 559 | नीज | धान –III | 0.6100 | लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो तालेश्वर महतो, किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो वो खुदक महतो, जागेश्वर महतो, लालदेव महतो, गंगाधर महतो,.................. पिता स्व0 टिभर महतो सा0 देह। | प्लॉट –558 | प्लॉट –560 | प्लॉट –558 | प्लॉट –561 |
| 396 | 48 | 560 | नीज | धान –III | 0.4900 | भेखल महतो वो मानिक महतो वो सहेश्वर महतो पिता स्व0 जगन महतो वो हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार सुमन वो बुद्धिनाथ महतो पिता स्व0 नन्हकु महतो वो मो0 ईन्दु पति स्व0 मुरली महतो लोकन महतो पिता स्व0 डोमन महतो, प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो वो गणेश महतो पिता भुखल महतो वो हीरा महतो वो घुजा महतो पिता चान्दो महतो, रामेश्वर महतो वो अकल महतो वो चरका महतो पिता जीवलाल महतो वो भूनेश्वर महतो वो मोहानी महतो वो केदार महतो वो कुमर महतो पिता स्व0 कोल्हा महतो वो मटुकधारी कुमार दांगी वो रामसेवक महतो पिता करम महतो वो चान्दो देवी पति स्व0 रेवा महतो वो सुरेन्द्र महतो पिता स्व0 धंगरू महतो वो सुरेश महतो पिता स्व0 मुन्शी महतो वो पंचम कुमार वो रविन्द्र कुमार पिता स्व0 लक्ष्मण महतो वो तालेश्वर महतो वो किटु महतो पिता स्व0 रंगु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट –559 | प्लॉट –561 | प्लॉट –561 | प्लॉट –561 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगें या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार, हजारीबाग

PR 305578 Land Reforms(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### मणिपुर हिंसा मामलों का ट्रायल गुवाहाटी हाइकोर्ट में होगा

इंफाल। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों को पड़ोसी राज्य असम में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसके लिए कोर्ट ने गुवाहाटी हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश जारी किये हैं। बेंच ने कहा कि मणिपुर हिंसा से जुड़े जिन मामलों की जांच सीबीआइ कर रही है, उनके ट्रायल के लिए एक या एक से ज्यादा स्पेशल जज को नियुक्त करें। सीजेआइ चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले की सुनवाई की।


### सीबीआइ ने कहा, लालू बैडमिंटन खेल रहे, जमानत देना गलत था

पटना। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द करने पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लालू यादव के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में किडनी ट्रांसप्लांट का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआइ लालू को दोबारा जेल भेजना चाहती है। सीबीआइ के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा लालू यादव बैडमिंटन खेल रहे हैं। उनको जमानत देने का फैसला भी गलत था। सुनवाई के दौरान मैं यह साबित करूंगा। अब इस मामले में 17 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

# स्मार्ट सिटी में भी इंदौर सरताज, मिले सात पुरस्कार, दूसरे नंबर पर सूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर के हिस्से फिर एक उपलब्धि आई है। स्मार्ट सिटी की सात कैटेगरी में इंदौर को पुरस्कार हासिल हुए हैं। सबसे ज्यादा पुरस्कार इंदौर को ही मिले हैं। दूसरे क्रम पर सूरत और तीसरे क्रम पर आगरा शहर है। नदियों को साफ करने, वायु प्रदूषण कम करने, कचरे से सीएनजी बनाने जैसे इंदौर में हुए कामों के कारण यह पुरस्कार मिला है। सबसे ज्यादा अवॉर्ड पाने वालों राज्यों में मध्य प्रदेश पहले स्थान पर रहा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बेस्ट स्टेट अवॉर्ड मिलने पर मध्य प्रदेश को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि राज्य के सात शहरों में 779 प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इन पर 15 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च हो रही है।



**नेशनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी का मौका भी मिला :** खास बात यह है कि स्मार्ट सिटी की नेशनल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी का मौका भी इस बार इंदौर को मिला है। 27 सितंबर को इंदौर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मेयर पुष्य मित्र भार्गव और सांसद शंकर लालवानी यह पुरस्कार लेंगे। मेयर भार्गव ने कहा कि पुरस्कार की असली हकदार इंदौर की जनता है। उनकी सहभागिता से ही इंदौर को लगातार सफलता मिल रही है। स्वच्छता में भी सातवीं बार इंदौर सरताज होगा।

**भोपाल को हेरिटेज बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के लिए पुरस्कार :** स्मार्ट सिटी के तहत हुए कान्ह नदी के आसपास कृष्णपुरा छत्री से रामबाग ब्रिज तक बने रिवर फ्रंट, वेल्यू कैपिटल फाइनेंसिंग, गोबरधन बायो सीएनजी प्लांट, अहिल्या वन, वर्टिकल गार्डन व एयर क्वालिटी में सुधार,सरस्ती व कान्ह नदी रिवर प्रोजेक्ट, कोविड इनोवेशन श्रेणी में सात पुरस्कार इंदौर ने हासिल किए हैं। इंदौर के अलावा मध्य प्रदेश के भोपाल को हेरिटेज बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के लिए पुरस्कार मिले हैं।

**ग्वालियर, सागर, जबलपुर को भी पुरस्कार :** ग्वालियर और सागर को इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम श्रेणी में पुरस्कार मिला है। जबलपुर को 311 एप के सफल क्रियान्वयन, इन्क्यूबेशन सेंटर के मामले में पुरस्कार मिला है। स्मार्ट सिटी पुरस्कार की अलग-अलग श्रेणियों में 845 प्रविष्टियां आई थीं। उनमें से 66 शहरों को पुस्कार के लिए चुना गया है।

# चंद्रयान-3: इसरो की ऐतिहासिक उपलब्धि का हिस्सा हैं ओड़िशा के ये दो वैज्ञानिक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग के बाद जहां भारतीय ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, वहीं चंद्रयान-3 मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दो वैज्ञानिकों के ग्रामीण और परिवार के सदस्य भी गुस्से में हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दो वैज्ञानिक गंजम जिले के बेरहामपुर के देबाशीष महापात्रा और शरत कुमार दास हैं, जो ढेंकनाल जिले के कामाख्यानगर उप-मंडल के अंतर्गत गोविंदपुर गांव के मूल निवासी हैं और अंगुल जिले के तालचेर क्षेत्र में रह रहे हैं।





देबाशीष के पिता ने अपनी और परिवार के अन्य सदस्यों की खुशी का वर्णन करते हुए कहा कि हम चंद्रयान-3 की सफलता से बहुत खुश हैं। हम मिशन के बारे में खुद को अपडेट रखने के लिए रात भर बैठे रहे। मेरा बेटा, जो कि पीएसएलवी के फायरिंग सेक्शन में कार्यरत एक वरिष्ठ वैज्ञानिक है, 2006 से इसरो के साथ काम कर रहा है। वह बचपन से ही शोध-उन्मुख रहा है। अपने दोस्तों में वह विज्ञान में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर रहा था। सारंग इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक और जादवपुर यूनिवर्सिटी से एमटेक करने के बाद उन्होंने गेट परीक्षा में सफलता हासिल की। फिर उन्हें 2006 में इसरो के लिए चुना गया।

देबाशीष की मां ने कहा कि जब विक्रम लैंडर ने चांद पर कदम रखा, तो उन्हें जो खुशी हुई, उसे वह शब्दों में बयां नहीं कर सकतीं। इसी तरह, शरत कुमार दास ने कहा कि विक्रम लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने का क्षण उनके जीवन का एक विशेष क्षण रहेगा। इसरो से शरत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कहा कि हमें खुशी है कि भारत दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक कदम रखने वाला पहला देश बन गया है। एनआइटी, राउरकेला से भौतिकी (इलेक्ट्रॉनिक्स) में एमएससी करने के बाद, मैंने नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। फिर मैं इसरो में शामिल हो गया। मैं अब घटक गुणवत्ता मूल्यांकन समूह के समूह निदेशक के रूप में काम कर रहा हूं। मैं साझा करना चाहता हूं कि चंद्रयान-3 में उपयोग किए गए इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उपयोग हमारे प्रमाणीकरण के बाद ही किया गया था। सफल कार्यान्वयन के लिए मिशन ने सफलता हासिल की है।

# आत्महत्या के प्रयास के बाद ओड़िशा की महिला पुलिसकर्मी 'गायब'

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महिला उप-निरीक्षक (एसआई), जिसकी पहचान काजल बाग के रूप में हुई है, जिसका आत्महत्या के प्रयास के बाद भीमा भोई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (बीबीएमएच) में इलाज चल रहा था, कथित तौर पर रहस्यमय तरीके से गायब हो गयी है। मामले को और भी रहस्यमय बना दिया है कि पुलिस उसके ठिकाने पर चुप्पी साधे हुए है। वे इस बात का खुलासा नहीं कर रहे हैं कि वह कहां गई हैं या इलाज करा रही हैं। विशेष रूप से उसने कथित तौर पर बुधवार की रात बलांगीर जिले के सेंटाला ब्लॉक के अंतर्गत गोपबंधु नगर में अपने किराए के आवास पर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की रात वह अपने किराये के मकान में थी। फिर उन्होंने उसे फोन पर किसी से तेज आवाज में बात करते हुए सुना। इसके बाद, संदेह हुआ कि उसने मच्छर के तरल पदार्थ का एक हिस्सा पी लिया है। बैग के आत्महत्या के प्रयास के बारे में एक युवक द्वारा सूचित किए जाने पर सेंटाला पुलिस स्टेशन की एक टीम उसके घर पहुंची, उसे बचाया और तुरंत उसे सेंटाला सरकारी अस्पताल ले जाया गया और फिर भीमा भोई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।






# मीशो ने 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को डिजिटल बनाने के लक्ष्य के बारे में बताया, एमएसएमइ को डिजिटल युग में ले जाने में मदद मिलेगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंटरनेट कॉमर्स को जन समूह तक पहुंचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2027 तक 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को ऑनबोर्ड कर उन्हें ऑनलाइन सफलता प्रदान करने के अपने दूरदर्शी लक्ष्य की घोषणा की। इससे जमीनी स्तर पर जाकर एसएमबी को समर्थ बनाने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य मीशो के मौजूदा 1.3 मिलियन विक्रेता आधार को बढ़ा कर 10 गुना कर देगा, साथ ही 40 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे, मध्यम और स्थानीय उद्यमों को डिजिटल वाणिज्य के दायरे में लाकर उन्हें नये अवसर प्रदान करेगा। यह पहल 40 लाख से कम वार्षिक टर्न ओवर वाले व्यवसायों को ऑनलाइन बिक्री पर लगने वाले अनिवार्य जीएसटी से राहत देने के भारत सरकार के निर्णय के अनुरूप भी है।

रेडसीयर की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अनुमानतः 85 मिलियन एमएसएमइ हैं, जिनमें से ऑनलाइन बाजार में केवल 1.5 मिलियन ही काम करते हैं। इस बड़े अंतर से इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं प्रदर्शित होती हैं। इन संभावनाओं द्वारा देश के हर कोने में मौजूद छोटे से छोटा विक्रेता भी ई-कॉमर्स क्रांति में हिस्सा लेकर अपना व्यवसाय बढ़ा सकता है। मीशो पर नये विक्रेताओं के पंजीकरण में एक बड़ी संख्या में विक्रेता जीएसटी पंजीकरण के चरण में लड़खड़ा जाते हैं, इसलिए मीशो जीएसटी नियमों में दी गयी इस राहत का लाभ उन माइक्रो और स्मॉल उद्यमों को देकर उन्हें अपना ऑनलाइन सफर शुरू करने में मदद करना चाहता है। इस रणनीतिक बदलाव से गृहणियों, बुटीक मालिकों और मॉम एंड पॉप स्टोर्स तक विशाल उद्यमियों का एक नया दौर शुरू होगा। मीशो के सीइओ और संस्थापक विदित आत्रे ने कहा कि 2027 तक अपने प्लेटफॉर्म पर 10 मिलियन विक्रेता लाने की हमारी प्रतिबद्धता इंटरनेट कॉमर्स को पूरे जान समूह तक पहुंचाने के हमारे मिशन का प्रमाण है। एमएसएमइ के लचीलेपन और ऊर्जा से हमें बल मिलता है और उनका सशक्तिकरण हमारी अर्थव्यवस्था में नयी जान फूंकने की क्षमता रखता है।

उन्होंने आगे कहा कि तकनीकी प्रगति, इनोवेशन और समावेशन की ओर हमारी प्रतिबद्धता के साथ हम ऑफलाइन विक्रेताओं को पूरक आय प्राप्त करने के साधन देने के लिए तैयार हैं। हम केवल आंकड़ों पर नजर नहीं रखते, बल्कि एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं, जो मौजूदा 80% से ज्यादा एमएसएमइ के विस्तार में तेजी लेकर आये। हम जैसे-जैसे इस परिवर्तनकारी यात्रा में आगे बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे हम न केवल डिजिटल अंतर को दूर करना चाहते हैं, बल्कि प्रगति और आत्मनिर्भरता के साथ एक समृद्ध ऑनलाइन समुदाय का विकास करके 'आत्मनिर्भर भारत' में भी मदद करना चाहते हैं। यह घोषणा दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में की गयी, जिसमें ओएनडीसी और सीएआइटी जैसे विभिन्न औद्योगिक अंशधारकों के साथ मीशो ने भी हिस्सा लिया था। इसका आयोजन 'मोस्ट इनोवेटिव सेलर', 'मोस्ट ट्रस्टेड सेलर' और 'ग्राहकों के पसंदीदा सेलर आदि आठ अलग-अलग श्रेणियों में एमएसएमइ विक्रेताओं को सम्मानित करने के लिए किया गया था। यह समारोह भारत की आर्थिक संरचना की बुनियाद बनाने वाले इन उद्यमशील लोगों की बड़ी उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक मंच है। इस सहयोगपूर्ण प्रयास से भारत के छोटे व्यवसायों की वृद्धि और सफलता को बढ़ावा देने की ओर साझा प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई, जिससे उद्यमशील उत्कृष्टता के लिए एक जीवंत परिवेश निर्मित होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएसएमइ मंत्री नारायण राणे थे। मीशो 2027 तक 10 मिलियन विक्रेताओं को शामिल करने के अपने साहसिक लक्ष्य के साथ भारत में वाणिज्य के परिदृश्य को नया रूप देने, छोटे व्यवसायों, एमएसएमई को मजबूत बनाने और व्यक्तिगत उद्यमियों को सफलता की ओर ले जाने के लिए तत्पर है।





















# महाबोधि मंदिर में फायरिंग एक पुलिसकर्मी की मौत

**पटना (आजाद सिपाही)।** बोधगया महाबोधि मंदिर में फायरिंग होने की बात सामने आ रही। जहां एक पुलिस कर्मी की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जवान का नाम सत्येंद्र यादव है। कहा जा रहा कि उसे तीन गोलियां मारी गयी है, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी है। मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी और मामले की जांच की जा रही है।

## अमरमणि की रिहाई पर हाइकोर्ट ने नहीं लगायी रोक

**गोरखपुर (आजाद सिपाही)।** मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक नहीं लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर 8 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट के इस फैसले के बाद ही परिसर में मधुमिता की बहन निधि शुक्ला फूट-फूटकर रोने लगीं। मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में अमरमणि और मधुमणि गोरखपुर की जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**